डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार । 09 जून 2026 । वर्ष-32, अंक-233, पृष्ठ-12 । www.rastriyanaveenmail.com

अधिक ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस आज

**उलगुलान : जंगलों से उठी क्रांति, तीर-कमान से दी ब्रिटिश तानाशाही को चुनौती**

## धरती आबा बिरसा मुंडा ने हिला दी थी अंग्रेजी हुकूमत की नींव

**धरती आबा बिरसा मुंडा को शत-शत नमन**

**बिरसा मुंडा ने शोषित और पीड़ित आदिवासियों में जगाई ज्ञान और शक्ति की ज्योति**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची** । धरती आबा बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश तानाशाही को खुली चुनौती दी थी। वे ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने न बंदूक उठाई और न ही किताबों से क्रांति की बात की, उन्होंने बस अपने हौसलों से ही अंग्रेजों के खिलाफ 'उलगुलान' कर डाला। भगवान बिरसा मुंडा ने नारा दिया था, 'अबुआ दिशुम अबुआ राज।' मुंडारी भाषा में इसका अर्थ है 'हमारा देश, हमारा राज्य।' मात्र 25 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह देने वाले महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती (मुंडा) और माता का नाम करमी पुर्ती (मुंडा) था। 9 जून 1900 को जेल में बिरसा मुंडा की मृत्यु हो गई थी। कहा जाता है कि उन्हें जेल में विष दे दिया गया था। बिरसा मुंडा को 'धरती आबा' यानी धरती के पिता के रूप में सम्मान दिया जाता है। उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। आदिवासी बाहुल्य राज्यों में आज भी उनकी पूजा की जाती है।

खूंटी के उलिहातु गांव में जन्मे बिरसा मुंडा का बचपन सगे संबंधियों के यहां भेड़-बकरियां चराते और बांसुरी बजाते बीता था। उस समय भारत के उरांव, मुंडा और खड़िया आदिवासी विदेशी दास्तां की जंजीरों में जकड़े हुए थे। ऐसे हालात उस समय सिर्फ बिरसा मुंडा के घर के ही नहीं, बल्कि हर आदिवासी के थे। वे सदियों से जमीन, फसलों और अपने गांवों के मालिक आप थे, लेकिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने उन्हें नष्ट करने के लिए जमींदार, जागीरदार, जज, कचहरी, जंगल के ठेकेदार और दलाल उनके ऊपर लाद दिए थे। वनवासी अपनी ही जमीन पर मालिक से नौकर बन चुके थे। लोग बेबसी, भूख, अंधविश्वासों और दमन के कारण डरी-सहमी जिंदगी जी रहे थे।बिरसा मुंडा ने साल्गा गांव में प्रारंभिक पढ़ाई के बाद चाईबासा के जर्मन स्कूल में पढ़ाई की। लेकिन, मुसीबतों ने कभी पीछा नहीं छोड़ा। उनकी जिंदगी का ये एक अहम हिस्सा है कि उस स्कूल में आदिवासी-वनवासी संस्कृति का मजाक उड़ाया जाता था, जो बिरसा मुंडा को कतई बर्दाश्त नहीं था।एक दिन उन्होंने इसके खिलाफ विरोध शुरू कर दिया, लेकिन दूसरे धर्म के प्रचारकों ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया। इसी समय उनकी मुलाकात स्वामी आनंद पांडे से हुई, जो नजदीक के गांव में एक जमींदार के मुंशी थे। उनसे मिलने के बाद बिरसा मुंडा को अपनी संस्कृति, धर्म और महाभारत के पात्रों का परिचय हुआ। इस तरह आनंद पांडे की संगति में उन्होंने बहुत कुछ सीखा और समझा। वे गहन अध्ययन करते गए और इस अध्ययन के साथ-साथ स्वतंत्रता के लिए युद्ध करने से पहले आदिवासी समाज

शेष पेज 11 पर

### जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है बिरसा मुंडा की जयंती

भारत सरकार ने 10 नवंबर 2021 को आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। आज बिरसा मुंडा का नाम पूरे भारत में प्रसिद्ध है। वहीं, बिरसा मुंडा झारखंड, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में भगवान की तरह पूजे जाते हैं। बिरसा मुंडा की समाधि रांची में कोकर के निकट डिस्टिलरी पुल के पास स्थित है। वहीं, उनकी मूर्ति भी लगी हुई है।

**राज्यसभा चुनाव : बैजनाथ राम, प्रणव झा और परिमल नाथवाणी ने भरे दो-दो सेट में नामांकन**

## दो सीटों पर तीन दावेदार, नामांकन के साथ खुली सियासी रणनीति की परतें

- नामांकन के बहाने शक्ति प्रदर्शन, महागठबंधन और विपक्ष के नेताओं ने दिखाया दम
- राज्यसभा चुनाव में परिमल नाथवाणी की चाल से बढ़ी राजनीतिक हलचल

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए तीन प्रत्याशियों ने सोमवार को दो-दो सेट में नामांकन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से बैजनाथ राम, कांग्रेस से प्रणव झा और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में परिमल नाथवाणी ने अपनी दावेदारी ठोक दी है। तीनों ने दो-दो सेटों में नामांकन दाखिल किया। हर किसी के प्रस्तावकों की सूची अपने आप में एक बड़ी सियासी कहानी कह रही है। झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम के पहले नामांकन सेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद प्रस्तावक बने हैं। उनके साथ स्टीफन मरांडी, मथुरा महतो, उदय शंकर सिंह, लुइस मरांडी, सविता महतो, समीर मोहंती, अनंत प्रताप देव, जिग्गा सुसारन होरो और सजीव सरदार के नाम भी इस सूची में दर्ज हैं। दूसरे सेट में पार्टी ने युवा और सक्रिय चेहरों को आगे किया है। बसंत सोरेन, हफीजुल हसन अंसारी, सुदिव्य सोनू, उमाकांत रजक, धनंजय सोरेन, योगेंद्र प्रसाद, मो ताजुद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा इस सेट में प्रस्तावक हैं। यानी, पार्टी ने वरिष्ठ और युवा दोनों मोर्चों को एक साथ साधने की कोशिश की है।कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पहले सेट में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन प्रस्तावक के रूप में सामने आई हैं। उनके साथ संजय प्रसाद यादव, सुरेश पासवान, मंगल कालिंदी, दीपक बिरुआ, निरल पूर्ति, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, नरेश प्रसाद सिंह और अरूप चटर्जी का नाम भी इस सूची में है।

शेष पेज 11 पर

**झारखंड राज्यसभा चुनाव**



### महागठबंधन ने दोहराया जीत का दावा

नामांकन के मौके पर महागठबंधन ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए दोनों सीटों पर जीत का दावा दोहराया। नामांकन से पहले गठबंधन के सभी नेता और विधायक एक साथ विधानसभा पहुंचे। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे राज्यसभा चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन और विधायकों की एकजुटता का संदेश देने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। राज्यसभा चुनाव को लेकर पिछले कुछ दिनों से सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर उम्मीदवार चयन को लेकर चर्चा और मतभेद सामने आए थे। कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद झामुमो के कुछ नेताओं ने दोनों सीटों पर पार्टी का दावा जताया था। हालांकि, बाद में शीर्ष स्तर पर हुई बातचीत के बाद गठबंधन ने साझा रणनीति अपनाई और दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बनी। इससे पहले, रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई गठबंधन विधायकों की बैठक में भी बैजनाथ राम और प्रणव झा को संयुक्त रूप से समर्थन देने का फैसला लिया गया था। बैठक के बाद गठबंधन नेताओं ने दावा किया था कि उनके पास दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। झामुमो और कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गठबंधन के सभी विधायक एकजुट हैं और चुनाव में किसी प्रकार की क्रॉस वोटिंग की आशंका नहीं है।

शेष पेज 11 पर

### राज्यसभा चुनाव की महत्वपूर्ण तिथियां

- **नामांकन की अंतिम तिथि** : 08 जून 2026
- **नामांकन पत्रों की जांच** : 09 जून 2026
- **नाम वापसी की अंतिम तिथि** : 11 जून 2026
- **मतदान की तिथि** : 18 जून 2026
- **मतगणना की तिथि** : 18 जून 2026

### परिमल नाथवानी ने एनडीए विधायकों से मांगा सहयोग

नामांकन के बाद परिमल नथवानी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के कक्ष में एनडीए विधायकों के साथ बैठक की और उनसे सहयोग मांगा। इस बैठक में जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान, आजसू विधायक तिवारी महतो के अलावा भाजपा के कई विधायक मौजूद थे। गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी ने यह तय किया है कि महागठबंधन के उम्मीदवार के विरोध में मतदान करना है और इसलिए निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन देने की बात की गई है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए के सभी विधायक एकजुट हैं और अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करेंगे।

**होटवार जेल गर्भवती बंदी मामला**

## सरकार के जवाब पर हाईकोर्ट नाराज, मेडिकल रिपोर्ट तलब

- डीजीपी-आईजी के शपथ-पत्रों पर भी कोर्ट असंतुष्ट; अगली सुनवाई 17 जून को

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में एक महिला बंदी के गर्भवती होने और कथित यौन शोषण के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दायर शपथ-पत्रों पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही, पीड़िता की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट और न्यायिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 जून 2026 को होगी।

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सोमवार को इस संवेदनशील मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि प्रस्तुत जवाब मामले को टालने का प्रयास प्रतीत होता है। कोर्ट ने विशेष रूप से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) द्वारा दाखिल शपथ-पत्रों पर नाराजगी जताई।अदालत ने सवाल उठाया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अब तक मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट क्यों प्रस्तुत नहीं की गई। न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि डीजीपी इस मामले को केवल आईजी (कारा) स्तर का विषय बताकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकतीं। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि जैसे ही मामला न्यायालय के संज्ञान में आया, पीड़िता को तत्काल जमानत प्रदान कर दी गई थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि पीड़िता की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट अगली सुनवाई से पहले उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, रांची के जुडिशियल कमिश्नर से न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही न्यायिक जांच (जुडिशियल इंक्वायरी) की रिपोर्ट भी मांगी गई है, ताकि मामले के तथ्यों की स्पष्ट जानकारी सामने आ सके। पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया था कि मामले की जांच के लिए गृह विभाग ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, सहायक कारा निरीक्षक तुषार रंजन गुप्ता और प्रोबेशन पदाधिकारी, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय चंद्रमोली सिंह को शामिल किया गया है। समिति को मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी ओर, रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की जांच रिपोर्ट के आधार पर रांची की न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रुति सोरेन द्वारा भी स्वतंत्र न्यायिक जांच की जा रही है। हाईकोर्ट ने इसी जांच की प्रगति और रिपोर्ट को भी रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### झालसा ने विशेष टीम की थी गठित

यह मामला तब सुर्खियों में आया था जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे सार्वजनिक रूप से उठाया और मीडिया में भी इस संबंध में लगातार खबरें प्रकाशित हुईं। इसके बाद झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। झालसा की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचकर पीड़िता, जेल में कार्यरत पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) तथा जेल चिकित्सक के बयान दर्ज किए थे। जांच पूरी होने के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट झालसा को सौंप दी थी। इसके अलावा, रांची जिला प्रशासन और कारा महानिरीक्षक (आईजी जेल) स्तर पर भी अलग-अलग जांच कराई गई थी।

**राजस्थान में 36वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप आयोजित**

## थ्रोबॉल स्पर्धा में झारखंड की बेटियों को कांस्य

- सेमीफाइनल में शानदार खेल के बावजूद कर्नाटक से मिली हार

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राजस्थान के ब्यावर में आयोजित 36वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026-27 में झारखंड बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। टीम ने पूरे लीग चरण में अजेय रहते हुए बिहार, मध्य प्रदेश एवं तमिलनाडु को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

क्वार्टर फाइनल में झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मैच में गोल्डन प्वाइंट तक पहुंचे मुकाबले को जीतकर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कर्नाटक से मुकाबला हुआ, जहां कड़े संघर्ष के बावजूद टीम को हार कर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। लीग चरण में प्रमिला सोरेन, सुनीता सोरेन एवं सुरभि सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि क्वार्टर फाइनल में टीम को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आकांक्षा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## गर्भवती महिला की मौत के बाद चतरा का मेदांता हॉस्पिटल सील

**नवीन मेल संवाददाता**

- गर्भस्थ शिशु की भी हो गई थी मौत, इलाज में लापरवाही का था आरोप



**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप संचालित मेदांता हॉस्पिटल को जिला प्रशासन ने सील कर दिया है। यह कार्रवाई गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में गठित जांच टीम की रिपोर्ट के बाद की गई। जानकारी के अनुसार लावालौंग थाना क्षेत्र के चुकु गांव निवासी लाटो गंझू की 20 वर्षीय गर्भवती पत्नी बैजंती देवी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और गलत उपचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त रवि आनंद के निर्देश पर प्रभारी सिविल सर्जन सह सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार, अंचलाधिकारी

शेष पेज 11 पर

**आज / कल**




## वकीलों की हेल्थ बीमा योजना पर हाईकोर्ट ने मांगी गजट अधिसूचना

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गई है और इस संबंध में सरकार द्वारा संकल्प (रेजोल्यूशन) भी जारी किया जा चुका है। सरकार के इस पक्ष को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि यदि उक्त संकल्प की गजट अधिसूचना अब तक प्रकाशित नहीं हुई है, तो उसे शीघ्र जारी किया जाए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जनहित याचिका में उठाई गई मूल मांग अब पूरी हो चुकी है। ऐसे में याचिका को आगे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

यह जनहित याचिका विदेश कुमार धान की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने अदालत में पक्ष रखते हुए राज्य के सभी अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया था।

**कार्रवाई** **हुसैनाबाद का मामला, आरपीएफ ने कराई प्राथमिकी**

## मालगाड़ी के इंजन में रील बनाने वाली युवती पर केस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रेलवे परिसर में प्रवेश कर मालगाड़ी के इंजन में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक युवती के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरपीएफ के अनुसार एक जून को काजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के इंजन में वीडियो बनाते हुए एक युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई।

**» पूछताछ में युवती ने वीडियो बनाने और पोस्ट करने की बात स्वीकार की**



**» आरपीएफ निरीक्षक आर.के. कच्छवाहा ने नियमों के पालन की अपील की**

जांच के दौरान युवती की पहचान डाल्टनगंज निवासी उर्मिला कुमारी के रूप में की गई। आरपीएफ के अनुसार पूछताछ के दौरान युवती ने वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की बात स्वीकार की। मामले में रेल अधिनियम की धारा 147 एवं 145 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरपीएफ ने बताया कि धारा 147 रेलवे संपत्ति में अनधिकृत प्रवेश तथा धारा 145 रेलवे परिसर में अनुशासनहीन गतिविधियों से संबंधित है। आरपीएफ निरीक्षक आर.के. कच्छवाहा ने बताया कि युवती को बेल बॉन्ड पर छोड़ते हुए निर्धारित तिथि पर रेल न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने लोगों से रेलवे परिसरों में सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# लूटकांड का 48 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग निरुद्ध

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में हुई लूटपाट की एक घटना का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर उद्भेदन करने का दावा किया है। मामले में दो वयस्क आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 4 जून की रात लगभग 2:30 बजे मालवरिया बस्ती के समीप एक मोटरसाइकिल



सवार व्यक्ति को रोककर उसके साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीन लिए गए थे। पीड़ित के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ हुसैनाबाद के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच के क्रम में पुलिस ने उज्ज्वल कुमार उपाध्याय (20) एवं वसीम अख्तर (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वसीम अख्तर के घर से लूटी गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा उज्ज्वल उपाध्याय के घर से मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सभी आरोपितों के एक ही गांव के निवासी और आपस में परिचित होने की जानकारी मिली है। छापेमारी दल में एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला, थाना प्रभारी चंदन कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रमण यादव सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

**सुनसान मार्गों पर सतर्क रहने व संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील**

पुलिस ने लोगों से रात के समय सुनसान मार्गों पर यात्रा के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

### हज यात्रा से लौटे जायरीनों का हैदरनगर स्टेशन पर स्वागत

**हैदरनगर।** हज यात्रा से लौटे स्थानीय जायरीनों का बुधवार को हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्टेशन पहुंचे और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। हज यात्रा से लौटने वालों में मस्जिद मुहल्ला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल रहीम एवं उनकी धर्मपत्नी शामिल थे। स्वागत समारोह के दौरान लोगों ने विभिन्न नारे लगाए तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी डॉ. अमीनुल हक अंसारी, नुरुल्ला खान, शंकर ठाकुर, सफीर अहमद सहित अन्य लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की परंपरा कायम है। हाजी अब्दुल रहीम ने स्वागत के लिए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कादल फीडर का ट्रांसफार्मर जला कई गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्युत सब स्टेशन के कादल फीडर का 3 एमवीए ट्रांसफार्मर जल जाने से दक्षिणी क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि वर्तमान में सब स्टेशन के एकमात्र कार्यरत ट्रांसफार्मर के माध्यम से कादल एवं मोहम्मदगंज फीडर से जुड़े गांवों को बारी-बारी से बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसका असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। किसानों के अनुसार गर्मा



फसल एवं सब्जियों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि शनिवार को कादल फीडर का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। नया ट्रांसफार्मर लगाने की विभागीय प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक ट्रांसफार्मर से सभी क्षेत्रों को क्रमवार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। यदि सब कुछ निर्धारित योजना के अनुसार रहा तो मंगलवार तक नियमित आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

## बटाने नदी में डूबने से किशोर की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुलतानी गांव स्थित बटाने नदी में डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान किशन कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह पोलडीह (गजनाधाम) निवासी संतोष सिंह का इकलौता पुत्र तथा सुलतानी गांव निवासी बिन्दा सिंह का नाती था। बताया जाता है कि किशन दो दिन पहले अपने नाना के घर सुलतानी गांव आया था। जानकारी के अनुसार सोमवार पूर्वाह्न करीब 10 से 11 बजे के बीच वह अपने



चार-पांच दोस्तों के साथ बटाने नदी के सतबहिनी घाट पर स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह नदी के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाते हुए इसकी सूचना परिजनों और ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद किशोर को नदी से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. राजेश कुशवाहा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि किशन अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना पर सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सभी ने शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## आदर्श युवा जागृति मंच की नई समिति का गठन, प्रभात बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आदर्श युवा जागृति मंच, पुरानी बाजार जपला की आमसभा कुर्मी टोला स्थित वरिष्ठ सदस्य शेखर अग्रवाल के आवास परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। बैठक की अध्यक्षता शेखर अग्रवाल ने की। सर्वसम्मति से प्रभात कुमार को मंच का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष मतदान कराया गया। निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र पासवान एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी आशीष गर्ग की देखरेख में संपन्न मतदान में उपाध्यक्ष पद के लिए रवि कुमार को 41 मत प्राप्त हुए, जबकि विपिन कुमार को 13 मत मिले। रवि कुमार को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद के चुनाव में पीयूष कुमार अग्रवाल उर्फ टिंकू अग्रवाल को 48 मत प्राप्त हुए, जबकि अक्षय सिंह को 8 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए अंकित कुमार सोनी को 44 मत एवं अक्षय सिंह को 11 मत प्राप्त हुए। इसके बाद अंकित कुमार सोनी को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को सक्रिय रूप से संचालित करने तथा युवाओं को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में कार्य करने की बात कही। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

## सीएचसी भवन से सोलर प्लेट चोरी मामले में एक गिरफ्तार, आठ प्लेट बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की छत से चोरी हुई सोलर प्लेटों के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 17/2026 में दर्ज मामले की जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर मोहम्मदगंज निवासी शंकर राम (25) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी की घटना में संलिप्तता स्वीकार करने की बात पुलिस ने कही है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई 10 सोलर प्लेटों में से



8 प्लेट बरामद करने का दावा किया है। बरामद सामग्री को जब्त कर लिया गया है। मामले में शामिल एक 15 वर्षीय बालक को बाल सुधार गृह भेजा गया है, जबकि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नारायण सोरेन, एसआई यदु उरांव, एएसआई अजय राम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## रौनियार वैश्य समाज की बैठक में सामाजिक सरोकारों पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** स्थानीय रानी मैरेज हॉल में रविवार देर शाम रौनियार वैश्य समाज की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राबर्ट गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में समाज के गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग तथा जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा समाज की धर्मशाला निर्माण तथा सामूहिक विवाह आयोजन की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्यन राज को सम्मानित किया गया। समाज के सचिव सौरभ गुप्ता ने कहा कि आईआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर रैंक प्राप्त कर आर्यन राज ने समाज का गौरव बढ़ाया है। बैठक में व्यवस्थापक भोला गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजू गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ कारू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में सैरात शुल्क वसूली के विरोध में ऑटो चालकों की हड़ताल

- 10 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र में सैरात शुल्क वसूली के विरोध में ऑटो रिक्शा चालक संघ समिति के बैनर तले मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल की गई। हड़ताल के कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। अररुआ खुर्द मध्य विद्यालय




मैदान में आयोजित धरना के दौरान चालकों ने आरोप लगाया कि सैरात शुल्क की वसूली में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि वाहन पड़ाव शुल्क 24 घंटे में केवल एक बार लिया जाए तथा वसूली के दौरान कथित दुर्व्यवहार और दबावपूर्ण तरीके बंद किए जाएं। चालकों ने वाहन पड़ाव स्थलों पर बिजली, पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, दुर्घटना बीमा योजना का लाभ देने तथा सैरात शुल्क में 50 प्रतिशत तक रियायत देने की भी मांग की। संघ के अध्यक्ष शत्रुधन कुमार ने कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो चालक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर विचार करेगा। हड़ताल के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा।

## मुख्य सड़क से नहीं जुड़ सका किशुनडीह गांव, सड़क निर्माण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के निकट स्थित किशुनडीह गांव आज भी मुख्य सड़क संपर्क से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में आवागमन विशेष रूप से कठिन हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार गांव मुख्य मार्ग से कम दूरी पर स्थित है, लेकिन अब तक संपर्क सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। गांव के बीच से गुजरने वाली पुरानी पीसीसी सड़क भी जर्जर हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किशुनडीह के अलावा पदारथडीह, राजनडीह, करडंडा, झरीवा और नदीपर सहित आसपास के कई गांवों के लोग भी इसी मार्ग का उपयोग बाजार, श्मशान घाट और मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए करते हैं। मुख्य नहर के किनारे से भी आवागमन होता है, लेकिन वहां की कच्ची सड़क बरसात के समय परेशानी का कारण बनती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर समय-समय पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उन्होंने गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

## प्रमुख के प्रयास से 408 विद्यार्थियों के पंजीकरण का रास्ता साफ होने की उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** मजदूर किसान इंटरमीडिएट महाविद्यालय, डंडारकला के 408 छात्र-छात्राओं के पंजीकरण एवं परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर चल रही समस्या के समाधान की दिशा में पहल हुई है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने इसे विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया है। जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-27 में निर्धारित सीटों से अधिक नामांकन लिए जाने के कारण विज्ञान संकाय के 293 तथा कला संकाय के 115 विद्यार्थियों का झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हो सका था। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई थी। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं




जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू द्वारा जैक सचिव को भेजे गए पत्र के अनुसार विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का पंजीकरण राजकीयकृत स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय, रन्नेभरी तथा कला संकाय के विद्यार्थियों का पंजीकरण अवधेश कुमार सिंह इंटर महाविद्यालय, कुंदरी के माध्यम से कराने का प्रस्ताव भेजा गया है। अब जैक स्तर पर आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद विद्यार्थियों के पंजीकरण एवं परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है।

### पौधारोपण अभियान को मिली गति, जलसहियाएं निभा रहीं सक्रिय भूमिका

**हैदरनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से हैदरनगर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पौधारोपण अभियान को गति दी जा रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि सभी पंचायतों में पौधारोपण कार्य को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जलसहियाएं भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं। रिंकी देवी, आरती देवी, शबनम आरा, शहनाज परवीन, पिंकी देवी सहित अन्य जलसहियाएं पौधारोपण एवं जागरूकता गतिविधियों में योगदान दे रही हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

## हैदरनगर में खराब चापाकल की हुई मरम्मत, लोगों को मिली राहत

नवीन मेल संवाददाता

**खबर का असर**

**हैदरनगर।** पुराना थाना परिसर के समीप लंबे समय से खराब पड़े चापाकल की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया है। चापाकल के चालू होने से आसपास के लोगों को पेयजल की सुविधा मिलने लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार चापाकल कई महीनों से खराब था, जिससे राहगीरों एवं आसपास के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को लेकर स्थानीय स्तर पर मांग उठाई गई थी। जानकारी के अनुसार सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जायसवाल की पहल पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर चापाकल की मरम्मत कराई गई। इसके बाद चापाकल से जलापूर्ति शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने पेयजल सुविधा बहाल होने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पेयजल स्रोतों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।



## प्रखंड गठन के 15 वर्ष बाद भी मोहम्मदगंज में नहीं बनी बाल विकास परियोजना

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड गठन के लगभग 15 वर्ष बाद भी मोहम्मदगंज में स्वतंत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। वर्तमान में यहां के आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन एवं नियंत्रण हुसैनाबाद स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से किया जाता है, जो लगभग 20 किलोमीटर दूर है। स्थानीय लोगों के अनुसार पोषाहार उठाव एवं विभागीय बैठकों में भाग लेने के लिए सेविकाओं और सहायिकाओं को नियमित रूप से हुसैनाबाद जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त



समय और संसाधन खर्च करने पड़ते हैं। जानकारी के अनुसार दो वर्ष पूर्व पंचायत समिति और 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठकों में मोहम्मदगंज में बाल विकास परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव पारित कर जिला स्तर पर भेजा गया था। हालांकि अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यकतानुसार सेविकाओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की भी जरूरत है। उन्होंने प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना कार्यालय की स्थापना की मांग की है।

### मंदेया नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर अभियान शुरू

## नगर पंचायत की ओर से संसाधन व कर्मियों की मिली सहायता

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण एवं ऐतिहासिक मंदेया नदी के पुनर्जीवन को लेकर स्थानीय स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। इस पहल में नगर पंचायत, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी देखी जा रही है। अभियान के तहत नदी की सफाई तथा अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में स्थानीय व्यवसायी एवं समाजसेवी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी द्वारा जेसीबी और



पोकलेन मशीन उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई है। वहीं नगर पंचायत की ओर से भी संसाधन और कर्मियों की सहायता प्रदान की जा रही है। अभियान में वार्ड पार्षद दीपक कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सेवक यादव, पत्रकार एवं समाजसेवी मित्तल सिंह सहित अन्य लोग भी सहयोग कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण पर्यावरण संतुलन और जल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सहयोग करने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। समाजसेवी रविशंकर सिंह ने भी प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। नगर पंचायत ने नागरिकों से जल स्रोतों में कचरा नहीं फेंकने, अतिक्रमण रोकने और संरक्षण कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# कृषि योजनाओं की समीक्षा में डीसी सख्त, वैक्सीनेशन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर फोकस

- **खरीफ सीजन की तैयारियों, बीज वितरण, केसीसी और पशुधन विकास योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि, आत्मा, पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने खरीफ मौसम की तैयारियों, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), किसान पाठशाला, पशुधन विकास योजनाओं, पशु वैक्सीनेशन अभियान तथा मत्स्य और उद्यान विभाग की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन लाभुकों को अनुदान राशि उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन वे योजना को धरातल पर लागू नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पशुओं के टीकाकरण अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।



खरीफ वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में इस वर्ष 1 लाख 37 हजार 270 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को अनुदानित दर पर धान बीज उपलब्ध कराने के लिए राज्य स्तर से अब तक 2,000 क्विंटल बीज आवंटित किया गया है। उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने पर बल दिया। अधिकारियों ने बताया कि विशेष शिविरों के माध्यम से किसानों से केसीसी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

बैठक में किसान पाठशाला कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर फेंसिंग, सोलर पंप, पॉलीहाउस, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, मत्स्य पालन तालाब, प्रशिक्षण केंद्र, पशु शेड और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।

मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वेद व्यास योजना के तहत जिले में 35 लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। वहीं मत्स्य विपणन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा में सब्जी एवं पुष्प खेती, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, गृह वाटिका और शेड नेट जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों और लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरयू प्रखंड के मनातू गांव के समीप सोमवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में प्लैटिना और सीडी डीलक्स बाइक सवार राम लोहरा एवं शंभू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान राम लोहरा की मौत हो गई, जबकि शंभू सिंह का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार मृतक राम लोहरा सरयू प्रखंड की गणेशपुर पंचायत स्थित सेलारीटांड़ गांव के निवासी थे। वहीं घायल शंभू सिंह घासीटोला पंचायत के पीरी गांव के रहने वाले हैं। दुर्घटना में दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना की सूचना मिलने पर चिपरु पिकेट प्रभारी राजेंद्र महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी, जिससे घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। समय पर अस्पताल पहुंचाने के बावजूद राम लोहरा की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर डालसा का जागरूकता शिविर आयोजित

- **नालसा आशा स्कीम, विधिक सहायता और बाल विवाह प्रतिषेध कानून की दी गई जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश तथा डालसा सचिव राकेश रंजन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत तरहरी पंचायत के टरिया गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को नालसा आशा स्कीम-2025 तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया दीपक कुमार पासवान ने की। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के असिस्टेंट वीर विक्रम बक्स राय ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है और इसके उन्मूलन के लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी मुखिया, सीडीपीओ, बीडीओ अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार को तत्काल दें, ताकि समय रहते इसे रोका जा सके। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कराने, उसमें सहयोग करने अथवा भागीदारी निभाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की जानकारी देते हुए कहा कि जेल में बंद जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को वकील के अभाव में न्याय से वंचित न होना पड़े। वीर विक्रम बक्स राय ने कहा कि जो लोग निजी वकील रखने में सक्षम नहीं हैं, वे निःशुल्क बचाव अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त करने के लिए डालसा में आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता एवं अन्य वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणालियों की भी जानकारी दी। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उपलब्ध सेवाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पीएलवी सनत कुमार चटर्जी, निरंजन प्रसाद सिंह, बलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अंत में उपस्थित लोगों के बीच विधिक जागरूकता से संबंधित पंपलेट, हैंडबिल और पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद वीडी राम ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान

- **वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और विकास परियोजनाओं का किया निरीक्षण, लोगों से सीधे संवाद कर उपलब्धियां गिनाईं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। "बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के तहत उन्होंने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को साझा किया।

अभियान के दौरान सांसद ने शाहपुर निवासी संजय जायसवाल, चैनपुर के शंभू साव, शांतिपुरी के डॉ. पी.एल. पांडेय, सुदना के कवि रविशंकर पांडेय तथा हमीदगंज निवासी डॉ. मनीष पासवान के आवास पहुंचकर उनसे संवाद किया। इसी क्रम में उन्होंने चैनपुर निवासी धीरज गुप्ता के घर दोपहर का भोजन भी किया।

सांसद ने चैनपुर स्थित स्प्रिंगफील्ड इंटरनेशनल स्कूल एवं मेदिनीनगर के कचरवा डैम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोगों से प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की थैलियां पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदायक हैं। इसके स्थान पर कपड़े और कागज से बने थैलों का उपयोग किया जाना चाहिए।

अभियान के अंतर्गत सांसद ने "प्रगति पथ यात्रा" के तहत कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डालटनगंज बाइपास सड़क, पोखराहा मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय परिसर तथा जुडको द्वारा संचालित फेज-दो पेयजलापूर्ति योजना का जायजा लेकर संबंधित कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में गरीब, शोषित, वंचित, किसान, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सांसद ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 5 जून से 21 जून तक पूरे देश में "बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के तहत विभिन्न जनसंपर्क और जनजागरण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजयानंद पाठक, विभाकर नारायण पांडेय, अविनाश वर्मा, प्रमोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडेय, अविनाश सिन्हा, भोला पांडेय, श्रवण गुप्ता, राजेश सिंह, शशिभूषण पांडेय, जय दुबे, धीरज गुप्ता, मनीष पांडेय, रुपेश कुमार, सुदेश्वर चौधरी, आनंद सिंह, राघवेंद्र तिवारी, विजय शर्मा, विजय पाठक, मुकेश अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, शंभू साहू, संजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

- **लक्ष्मी नारायण तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने उठाई समस्याएं, डीसी ने त्वरित कार्रवाई का दिया आश्वासन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों किसानों ने पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर धान बिक्री की लंबित राशि के भुगतान सहित विभिन्न कृषि संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों की बड़ी संख्या को देखते हुए उपायुक्त स्वयं सभागार पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल से विस्तार से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना।

किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा धान की खरीद किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में किसानों को अब तक भुगतान नहीं मिला है। इसके कारण वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी अन्य समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा।

उपायुक्त ने किसानों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने की बात कही। उन्होंने आश्वस्त किया कि लंबित भुगतान और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी तथा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास किया जाएगा।

इस मौके पर लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि किसानों ने कड़ी मेहनत से धान की खेती की और सरकार ने उनकी उपज की खरीद भी कर ली, लेकिन भुगतान लंबित रहने से किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन शुरू हो चुका है और किसानों को बीज, खाद तथा अन्य कृषि कार्यों के लिए तत्काल धनराशि की आवश्यकता है। ऐसे समय में भुगतान में देरी किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया है और समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन अपने आश्वासन के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करेगा, जिससे उन्हें राहत मिलेगी और वे आगामी कृषि कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे।


इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अमरेश कुमार पांडेय, रामलाल चौरसिया, श्यामलाल चौरसिया, लाल बहादुर चौरसिया, अलख चौरसिया, संतोष चौरसिया, सच्चिदानंद तिवारी, रुद्रेश्वर तिवारी, अजीत तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, दीपक तिवारी, गुड्डू खान, नागेंद्र चौरसिया, त्रिभुवन कुमार, नंदू साव, लव कुमार राम, कमलकांत पांडेय, संतोष पांडेय, अलख निरंजन महतो, हरेंद्र चौरसिया, ओम प्रकाश प्रसाद, अलियार पांडेय, निरंजन पांडेय, प्रभात लाल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर बिट्टू पाठक ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव बिट्टू पाठक ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अधिकार, स्वाभिमान और अस्मिता के महान प्रतीक थे। बिट्टू पाठक ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा शोषण के विरुद्ध संघर्ष का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके बलिदान दिवस पर उनके विचारों को आत्मसात कर न्यायपूर्ण और समरस समाज के निर्माण का संकल्प लेना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# तालाब और सड़कों पर निर्माण कार्य का कांग्रेस-सीपीआई ने किया विरोध

- **नावाटोली सैंडर्श तालाब और मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में तालाब और मुख्य सड़कों पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने कड़ी आपत्ति जताई है। सोमवार को कांग्रेस की पलामू जिलाध्यक्ष विमला कुमारी, कांग्रेस नेता राजेश चौरसिया तथा सीपीआई के वरिष्ठ नेता केडी सिंह ने विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर के नावाटोली स्थित सैंडर्श तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर मार्केट कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना था कि निर्माण कार्य के कारण तालाब के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे बरसात के दौरान आसपास के मोहल्लों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। नेताओं ने आशंका जताई कि जल निकासी बाधित रहने से भारी बारिश के दौरान तालाब का पानी आसपास के घरों में प्रवेश कर सकता है। साथ ही अत्यधिक वर्षा की स्थिति में तालाब के बांध पर भी दबाव बढ़ने से उसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहेगा। कांग्रेस और सीपीआई नेताओं ने कहा कि तालाब की आधे से अधिक भूमि पहले से ही अतिक्रमण की चपेट में है। ऐसे में तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के बजाय नगर निगम स्वयं वहां निर्माण कार्य कराकर जलस्रोतों के संरक्षण संबंधी नियमों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों द्वारा भी जलस्रोतों और सार्वजनिक सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विमला कुमारी ने आरोप लगाया कि नगर निगम शहर में मनमाने ढंग से निर्माण कार्य करा रहा है। उन्होंने कहा कि रेडमा स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समीप दुकान निर्माण के लिए नींव की खुदाई की गई है और निर्माण सामग्री जमा कर दी गई है, जबकि यह मार्ग पहले से ही यातायात दबाव और जाम की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केजी स्कूल मार्ग पर पार्क निर्माण तथा शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे दुकानों के निर्माण से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नगर निगम के जनप्रतिनिधियों पर भी उन्होंने इस मामले में निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया। नेताओं ने नगर निगम प्रशासन से तालाब क्षेत्र में बन रहे मार्केट कॉम्प्लेक्स और सड़क अतिक्रमण से जुड़े निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर आंदोलन शुरू करेगी।

# ह्रदयानंद मिश्र बने पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के मुख्य संरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष बिनोद पाठक उर्फ सीटू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों के विस्तार तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता, झारखंड आंदोलनकारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य तथा हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य ह्रदयानंद मिश्र को पलामू जिला कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग का मुख्य संरक्षक मनोनीत करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बिनोद पाठक उर्फ सीटू ने कहा कि ह्रदयानंद मिश्र का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा, वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने झारखंड आंदोलन से लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने तक विभिन्न स्तरों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत साबित होगा। उनके संरक्षण में कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग जिले में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, चिकित्सा सहायता, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर और जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ह्रदयानंद मिश्र के मनोनयन का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व और संरक्षण में संगठन जनसेवा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक के अंत में बिनोद पाठक उर्फ सीटू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने तथा जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# पहली झारखंड विमेंस प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी पलामू वॉरियर्स

- **कोल्हान डायनामोज को 43 रन से हराकर रचा इतिहास, खिलाड़ियों पर बधाइयों की बरसात**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** झारखंड में पहली बार आयोजित झारखंड विमेंस प्रीमियर लीग का खिताब पलामू वॉरियर्स ने अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में पलामू वॉरियर्स ने कोल्हान डायनामोज को 43 रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत से पलामू सहित पूरे जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पलामू वॉरियर्स की टीम ने 19.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्हान डायनामोज की टीम 16.4 ओवर में 100 रन पर सिमट गई। इस तरह पलामू वॉरियर्स ने 43 रन से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पलामू और झारखंड के लिए गर्व का ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महिला क्रिकेट को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी। खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन टीम की सराहना करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि पलामू की अपनी टीम बनाने का जो सपना देखा गया था, वह आज चैंपियन बनकर साकार हुआ है। उन्होंने इस उपलब्धि को संघर्ष, समर्पण और विश्वास की जीत बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी।

झामुमो नेता एवं क्रिकेट प्रेमी आशुतोष विनायक ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और टीम भावना ने पलामू का मान बढ़ाया है। वहीं प्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर आशुतोष उर्फ ए.पी. लक्की ने कहा कि यह जीत महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने का हौसला देगी।

फाइनल मुकाबले में पलामू वॉरियर्स की आरती कुमारी को बेस्ट इकोनॉमी बॉलर का पुरस्कार दिया गया। चांदमुनी पूर्ति को सर्वाधिक छक्के लगाने के लिए सम्मानित किया गया, जबकि आकांक्षा टोप्पो को फाइनल मैच का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा में उपायुक्त सख्त, खराब प्रदर्शन पर मांगा जवाब

- **विद्यालय निरीक्षण, शिक्षक उपस्थिति और बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने पर विशेष जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं, विद्यालयों की स्थिति, छात्र-शिक्षक उपस्थिति तथा बोर्ड परीक्षा परिणामों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कंपोजिट जिला रैंकिंग, आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट, निपुण भारत मिशन, पीएम-श्री विद्यालय, पलाश कार्यक्रम, पीएम-पोषण योजना, स्मार्ट क्लास, स्वास्थ्य जांच, आयरन-फोलिक एसिड वितरण, सीपीडी प्रशिक्षण, यू-डायस रिपोर्टिंग, समग्र शिक्षा तथा न्यायालय से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की गई। विद्यालयों में शिक्षकों की असमान उपलब्धता पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने शिक्षक युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही दोहरे नामांकन की समस्या पर चर्चा करते हुए ऐसे विद्यार्थियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया, जो सरकारी विद्यालय में नामांकन के बावजूद निजी स्कूलों में अध्ययनरत हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेमलता मुर्मू, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, सभी बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए

उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी शिक्षा कर्मियों की नियमित उपस्थिति की निगरानी की जाए तथा विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पीएम-पोषण योजना में निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में पिछले तीन वर्षों के जैक और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया गया। वहीं शिक्षा विभाग के विभिन्न सूचकांकों में कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीपीओ और बीपीएम को भी जवाब देने को कहा गया।

## ह्यूम पाइप के नीचे दबने से बालक की मौत

रमना। थाना क्षेत्र के मड़वनिया पंचायत अंतर्गत हदुरा गांव निवासी पिंटू चौधरी के 11 वर्षीय इकलौते पुत्र राकेश कुमार की मौत ह्यूम पाइप के नीचे दबने से होने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार शाम गांव के समीप निर्माण कार्य में प्रयुक्त बड़े ह्यूम पाइप के पास खेलते समय यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि बारिश शुरू होने पर राकेश अपने साथियों के साथ पाइप के पास पहुंचा था। इसी दौरान एक पाइप खिसक गया और वह उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने बालक का अंतिम संस्कार कर दिया। इकलौते पुत्र की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मामले में किसी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## चार वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुई जलापूर्ति शोपीस बनी लाखों की पानी टंकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** बिश्रामपुर पंचायत के कस्मार गांव में वर्ष 2021 में निर्मित लाखों रुपये की लागत वाली पेयजल टंकी आज तक ग्रामीणों को एक बूंद पानी उपलब्ध नहीं करा सकी है। इसके कारण ग्रामीण आज भी भटकुआं और अन्य असुरक्षित जल स्त्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में तकनीकी अनियमितताएं बरती गईं। जलापूर्ति के लिए किया गया बोरिंग पर्याप्त गहराई का नहीं है, जिसके कारण टंकी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयंत चौधरी ने गांव का निरीक्षण कर समस्या को गंभीर बताते हुए तत्काल समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन से नया बोरिंग कराने तथा दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### पीएम अप्रेंटिसशिप मेला में युवाओं की उमड़ी भीड़

# 137 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, 20 को मौके पर मिला ऑफर लेटर

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** जिला नियोजन कार्यालय के तत्वावधान में सोमवार को आईटीआई हंसकेर परिसर में पीएम अप्रेंटिसशिप मेला-सह-भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। रोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में विभिन्न विनिर्माण, सेवा एवं एमएसएमई क्षेत्र की पांच प्रतिष्ठित संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इनमें श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, जन शिक्षण संस्थान गढ़वा, एआईएसईसीटी मेगा स्किल मेराल, टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज तथा रुचिता एसोसिएट्स, हैदराबाद शामिल रहे। कैंप में कुल 137 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 12 महिला अभ्यर्थी भी शामिल थीं। विभिन्न कंपनियों द्वारा 645 रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान 23 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जबकि 20 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस दौरान आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग और अन्य तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के साथ-साथ गैर-तकनीकी अभ्यर्थियों का भी राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के तहत नियमानुसार मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले युवाओं और उद्योग जगत के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से भविष्य में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ भाग लेकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की अपील की।

# हड़तालरत मनरेगा कर्मियों को प्रशासन की अंतिम चेतावनी

- **तीन दिनों के भीतर काम पर लौटने का निर्देश, अन्यथा होगी कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मनरेगा योजनाओं के संचालन में आ रही बाधाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों को तीन दिनों के भीतर कार्य पर लौटने का अंतिम निर्देश जारी किया है। यह निर्देश उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रेमलता मुर्मू की ओर से जारी किया गया है। प्रशासन के अनुसार मार्च 2026 से कुछ मनरेगा कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के कारण योजना के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन नहीं हो सका और ग्रामीण मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। जारी आदेश में कहा गया है कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है, जिसके तहत कार्य की मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ऐसे में कर्मियों की अनुपस्थिति योजना के उद्देश्यों को प्रभावित कर रही है।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि पूर्व में भी हड़तालरत कर्मियों को कार्य पर लौटने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कई कर्मी अब तक वापस नहीं आए हैं। इसे देखते हुए पुनः निर्देश जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर सेवा में लौटने को कहा गया है। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले कर्मियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता ग्रामीण गरीब परिवारों को समयबद्ध रोजगार उपलब्ध कराना और विकास योजनाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित करना है।

## सुखलदारी वाटर फॉल में डूबे युवक का शव 20 घंटे बाद बरामद



धुरकी। सुखलदारी वाटर फॉल में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव करीब 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की संयुक्त टीम ने सघन खोज अभियान चलाकर शव को पानी से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ जलप्रपात घूमने आया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खोज अभियान शुरू कराया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, चेतावनी बोर्ड लगाने और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

## दृष्टिपात

### आत्मा में नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ी, 408 आवेदनों की जांच पूरी

**गढ़वा।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) गढ़वा के अंतर्गत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल-सह-लिपिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में गठित नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त आवेदनों की जांच रिपोर्ट पर विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि तीनों पदों के लिए कुल 408 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के लिए 76, सहायक तकनीकी प्रबंधक के लिए 291 तथा लेखापाल-सह-लिपिक पद के लिए 41 आवेदन शामिल हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 13 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। उपायुक्त ने नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमसम्मत ढंग से संचालित करने पर जोर देते हुए अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति दर्ज कराने का अवसर देने का निर्देश दिया। उन्होंने 17 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित कर उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेमलता मुर्मू, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी तथा परियोजना निदेशक आत्मा-सह-जिला कृषि पदाधिकारी खुशबू पासवान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय नौवां वार्षिक महामहोत्सव श्रद्धा के संग संपन्न

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-6 स्थित बांकी नदी तट पर अवस्थित श्री शनि देव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय नौवां वार्षिक महामहोत्सव रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हो गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा तथा दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।समापन दिवस पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया। अखंड कीर्तन की मधुर ध्वनि से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मंदिर समिति की ओर से वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच वस्त्र वितरण किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ओबरा स्थित धर्मार्थ आश्रम के महंत बालयोगेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय, कर्म और सत्य के प्रतीक हैं तथा उनकी कृपा से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। महोत्सव की सफलता में मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद शंभू राम, सोनू सिंह, राजेश पांडेय, गुलाब पासवान, सुभाष पासवान, प्रदीप राम, अशोक चंद्रवंशी, प्रो. सत्येंद्र पांडेय, धनश्याम शुक्ला, कमलेश पांडेय, अखिलेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 200 किलो जावा महुआ नष्ट

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरेगढ़ा नदी के जंगलों में पुलिस ने अवैध देशी महुआ शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में पुलिस टीम ने जंगल के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब निर्माण के लिए तैयार किए गए लगभग 200 किलोग्राम जावा महुआ तथा शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। बरामद सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 11 जून को श्री बंशीधर नगर में होगी 'खेलो इंडिया' अस्मिता महिला साइकिलिंग सिटी लीग

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 11 जून को खेलो इंडिया अस्मिता महिला साइकिलिंग सिटी लीग का आयोजन श्री बंशीधर नगर में किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 5 बजे से 7 बजे तक कचहरी परिसर से जंगीपुर पावर हाउस तक आयोजित होगी। आयोजन प्रभारी विशाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, फिटनेस को प्रोत्साहित करना तथा साइकिलिंग संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की बड़ी भागीदारी की संभावना है। कार्यक्रम में झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, सीओ विकास सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष साधना देवी सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी शुरू कर दी गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**
पत्रांकः– 322 हुसैनाबाद, दिनांक– 06/06/2026

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक–232, दिनांक–24.04.2026 द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/HUSSAINABAD/S.B.D/01 /2026-27 (सुखनदिया मध्यम सिंचाई योजना के Guard Wall, Escape, Outlet/ Inlet, Culvert, Fall एवं Cross Drainage का निर्माण, H/R Gate का अधिष्ठापन, Canal की Lining, Strengthening एवं Removal Of Soft Rock तथा क्षतिग्रस्त HR, Spillway एवं Aquaduct का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–छत्तरपुर, जिला–पलामू) जिसका शुद्धि पत्र का पत्रांक–285, दिनांक–16.05.2026 एवं जिसका PR No-380070 (District) 26-27*D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 05 .06 .2026 Time :-11 .00 AM | Date: 18 .06 .2026 Time :-11 .00 AM |
| 2 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: - 27 .06 .2026 Time :- 03 .00 PM | Date: -10.07.2026 Time :- 03 .00 PM |
| 3 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date: -05.06 .2026 Time :-11 .00 AM Last Date:- 27 .06 .2026 Time :- 03 .00 PM | Start Date: -18 .06 .2026 Time :-11 .00 AM Last Date:- 10 .07.2026 Time :- 03 .00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening Date | Date: - 29.06 .2026 Time: -04 .00 PM | Date: - 11 .07.2026 Time: -04 .00 PM |

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 381821 District(26-27)D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in
Telephone:-06562-295539

**1st e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons **e-tender Notice No.100 & 101/PR/JBVNL /2026-27** O&M, (33 KV CT (Current Transformer) & 11 KVCT (Current Transformer) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 17.06.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 17.06.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part-I) | 19.06.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website :www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 7488397213 EE (I.T)
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 380501

Sd/-
GM-cum-Chief Engineer
E.S.A., Medininagar

PR 381794 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D



NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | G20 भारत 2023 INDIA

**कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)**
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा (झारखण्ड) पिन कोड–822114
फोन न0:- 06561-222050, 222051 इमेल आई0डी0 :- cs.garhwa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विज्ञापन संख्या–02/2025–26 के आलोक में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के निर्देशानुसार औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति से संबंधित मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन के पश्चात् औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना है।

उक्त के आलोक में वैसे उम्मीदवार जो अभी तक अपने मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन नहीं करा पाये हैं वे दिनांक 11.06.2026 तक सिविल सर्जन, कार्यालय, गढ़वा के सभागार, में कार्यालय अवधि प्रातः 10.:00 से अपराहण 05:00 बजे तक अपने मूल प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करा लें।

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 381832 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D



**झारखण्ड सरकार, खान एवं भूतत्व विभाग**
जिला खनन कार्यालय, लातेहार
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

लातेहार जिलान्तर्गत मॉनसून सत्र 2026–27 में **Category – I** एवं **Category – II** के सभी बालूघाटों से वर्षा ऋतु में अर्थात दिनांक 10.06.2026 से 15.10.2026 तक बालू का उठाव पर पूर्णतया रोक से संबंधित आम–सूचना का प्रकाशन।

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित Sustainable Sand Mining Management Guidelines, 2016 एवं 2020 के अनुबंध तालिका–09 पर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नागपुर के पत्रांक RMC/CS-312/नागपुर, दिनांक 18.01.2016 के अनुसार झारखण्ड राज्य के लिए मॉनसून सत्र की अवधि 10 जून से 15 अक्टूबर तक निर्धारित है तथा उक्त अवधि में नदियों (बालूघाटों) से बालू का उत्खनन/उठाव पर पूर्णतया रोक है।

2. SEIAA के Guidelines एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 17.08.2016 के द्वारा आदेशित है कि "During Monson Period mining Should not be permitted in rivers/Streams particularly"

उपरोक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि लातेहार जिलान्तर्गत मॉनसून सत्र 2026–27 में Category – I एवं Category – II के सभी बालूघाटों से बालू का उठाव वर्षा ऋतु में अर्थात दिनांक 10.06.2026 से 15.10.2026 तक नहीं किया जाएगा। अन्यथा उक्त अवधि में जो भी Category – I एवं Category – II के बालूघाटों (नदियों) से इस आदेशक के विपरित बालू का उठाव करते हुए पाये जाएंगे तो उक्त अवधि में बालू का उठाव को अवैध मानते हुए JMMC Rule – 2004 यथा संशोधित, 2017 तथा MDDR Act, 1957 की धारा 21 (5) के तहत कार्रवाई की जायेगी।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 381862 Mines and Geology (26-27)_D



**झारखण्ड सरकार**
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/बरवाडीह/महुआडॉड/चन्दवा, लातेहार
(Email Id- witilatehar2005@gmail.com)

**नामांकन सूचना**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–623 दिनांक–30.05.2026 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त लातेहार जिला के **सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला/बरवाडीह/महुआडॉड/चन्दवा, लातेहार** के शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (**https://iti.jharkhand.gov.in** Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1– न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–
क) वेल्डर, सीविंग टेक्नोलॉजी, व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

2– **महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| क्रं0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 01.06.2026 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 25.06.2026 |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 29.06.2026 पूर्वाह्न 12:00 बजे |

3– महानिदेशालय प्रशिक्षण, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में नामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के निबंधित मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर पूरे शैक्षणिक सत्र में OTP प्राप्त होते रहेंगे, अतः अभ्यर्थी National Trade Certificate (NTC) उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक अपना मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 नहीं बदलना सुनिश्चित करेंगे।
4– अभ्यर्थियों द्वारा आई0टी0आई0 में नामांकन लेने के लिए आवेदन भरते समय कम से कम दस विकल्प (आई0टी0आई0 एवं व्यवसाय) एवं अधिकतम तीस विकल्प का चयन किया जा सकता है।
5– महानिदेशालय प्रशिक्षण, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में आई0टी0आई0 एवं व्यवसायों के स्वीकृत सीटों में परिवर्तन की स्थिति में आई0टी0आई0 एवं व्यवसायों के चयन में सुधार हेतु अवसर दिया जाएगा।
6– नामांकन संबंधी विस्तृत सूचना एवं किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना https://iti.jharkhand.gov.in के माध्यम से दी जाएगी।
7– किसी प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में Ticket Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0 7857015386/8115086431/8791582700/7667470377/9955617616 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (**https://iti.jharkhand.gov.in**) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,लातेहार

PR 381829 (Labour Employment and Traning)26-27*D

## दृष्टिपात

### लातेहार में 55 चौकीदारों की सेवा संपुष्टि स्वीकृत



**लातेहार।** जिला गठन के बाद पहली बार जिले के चौकीदारों की सेवा संपुष्टि (कन्फर्मेशन) की प्रक्रिया में प्रगति हुई है। जिला प्रशासन द्वारा 76 मामलों की समीक्षा के बाद 55 चौकीदारों की सेवा संपुष्टि को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रशासन के अनुसार शेष 21 मामलों में सेवा अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में त्रुटियां पाई गई हैं। संबंधित अधिकारियों को इन त्रुटियों के शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया गया है, ताकि लंबित मामलों का भी निष्पादन किया जा सके। उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि चौकीदार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित इस प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सेवा संपुष्टि स्वीकृत होने के बाद संबंधित कर्मियों को सेवा सुरक्षा एवं अन्य सेवा संबंधी लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों और कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बारीसाखी पंचायत में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कानूनी जागरूकता को लेकर एक शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र पवन कुमार के नेतृत्व में किया गया। शिविर में महिलाओं और ग्रामीणों को बताया गया कि डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाएं सामाजिक विकास में बाधक हैं और इनके खिलाफ कानून में कठोर दंड का प्रावधान है। झारखंड में वर्ष 2001 से लागू विशेष कानून के तहत किसी महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करना दंडनीय अपराध है। कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन 181 की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने की अपील की।

### शौचालय में रह रहे बुजुर्ग को योजनाओं से जोड़ने की पहल

**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत अंतर्गत लबरपुर गांव निवासी बुजुर्ग सोमर भुइयां को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने मामले में कार्रवाई करते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं। जानकारी के अनुसार सोमर भुइयां का कच्चा मकान पिछले वर्ष बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद वे एक अनुपयोगी शौचालय में रह रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी के नेतृत्व में आधार कार्ड निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रशासन ने अंबेडकर आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की है। फिलहाल उन्हें अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर रहने की व्यवस्था कराई गई है। उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### किसानों को जैविक खेती और मृदा संरक्षण की दी गई जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत स्थित दुर्गा मंडप परिसर में कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा के तत्वावधान में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक सुनीता कमल, मोहन राम मिश्रा और उपेंद्र यादव सहित कई विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक सुनीता कमल ने किसानों को जैविक खाद के अधिक उपयोग और रासायनिक उर्वरकों के सीमित प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, जबकि जैविक खेती से भूमि की गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है। उन्होंने किसानों से फसल उत्पादन में प्राकृतिक और जैविक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर खेती की आधुनिक एवं टिकाऊ तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**बरवाडीह।** चुंगरू पंचायत के नावाडीह स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को पंचायत विकास समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, समाजसेवी सुरेश सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य प्रवीन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मैट्रिक परीक्षा में पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली खुशबू कुमारी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभिषेक कुमार तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली शोभा कुमारी को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं अन्य उपहार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि सुशीला देवी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीमा योजनाओं के तहत दो परिवारों को मिला दो-दो लाख रुपये का क्लेम

**चंदवा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत चंदवा प्रखंड के दो लाभुक परिवारों को दो-दो लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में रामपुर गांव निवासी अजंता देवी के पति तथा सचिन भुइया की पत्नी का निधन हो गया था। इसके बाद बैंक सखी के माध्यम से बीमा क्लेम से संबंधित आवश्यक दस्तावेज बैंक में जमा कराए गए। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रामीण बैंक सासंग शाखा एवं जेएसएलपीएस के सहयोग से दोनों लाभुकों के खातों में दो-दो लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। लाभुकों ने कहा कि कठिन समय में मिली यह सहायता उनके परिवार के लिए बड़ा संबल साबित होगी। मौके पर बैंक सखी मनीष देवी, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर सुनीता कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### घर और राशन दुकान में चोरी, दहशत का माहौल

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** थाना क्षेत्र की नावाडीह पंचायत अंतर्गत मरंगा गांव में रविवार रात चोरों ने एक घर और राशन दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरों ने देर रात गांव निवासी वकील दांगी की राशन दुकान का ताला तोड़कर राशन सामग्री और नगद राशि की चोरी कर ली। इसके बाद चोरों ने लीलावती देवी के घर में प्रवेश कर दो बक्सों में रखे सोना-चांदी के आभूषण, नगद रुपये, कपड़े, महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार रात में भोजन करने के बाद सभी लोग सो गए थे। इसी दौरान चोर घर की खुली छत के रास्ते अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने गांव के एक अन्य घर का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन लोगों के जाग जाने और शोर मचाने पर वे मरंगा जंगल की ओर भाग निकले। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों की संख्या चार से पांच के बीच थी और सभी कम उम्र के प्रतीत हो रहे थे। घटना के बाद लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। मामले को लेकर पीड़ितों ने पत्थलगड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

---

अतिक्रमण हटाने को चला बुलडोजर

# सड़क और बाजार क्षेत्र को कराया गया खाली

- पूर्व सूचना के बावजूद नहीं हटाए गए अतिक्रमण, प्रशासन ने शुरू किया अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा बाजार एवं मुख्य सड़क को अतिक्रमणमुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय के निर्देश पर शहीद चौक से अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें सड़क और सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार लंबे समय से सड़क किनारे अवैध निर्माण और अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बाजार क्षेत्र में भी सड़क संकरी होने से जाम की समस्या बनी रहती थी। इसे देखते हुए प्रशासन ने 19 मई को सार्वजनिक सूचना जारी कर अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी कई लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। अभियान के दौरान सड़क पर बने अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणकारी ढांचों को हटाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### फरार अभियुक्त के घर इश्तिहार चस्पा, न्यायालय के आदेश का तामीला

**लातेहार।** लातेहार थाना कांड संख्या 228/22 के फरार अभियुक्त प्रमोद सिंह के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी इश्तिहार अधिपत्र का तामीला पुलिस ने किया। इस दौरान अभियुक्त के पैतृक आवास पर विधिवत इश्तिहार चस्पा कर न्यायालय के आदेश की जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार प्रमोद सिंह, पिता विश्वनाथ सिंह, निवासी खजुरी (थाना पांकी, जिला पलामू) उक्त कांड में नामजद अभियुक्त हैं। मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं सीएल एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर अभियुक्त के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आधारभूत संरचना व भू-अर्जन कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना एवं भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं औद्योगिक परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान बनहर्दी कोयला परियोजना, पीवीयूएनएल कोल ब्लॉक, पथ निर्माण विभाग, एनएमएल, एनटीपीसी सहित अन्य परियोजनाओं से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने वनाधिकार अधिनियम, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिग्रहित भूमि के लंबित मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित रैयतों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि विकास एवं औद्योगिक परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर जोर दिया।

बैठक में अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, एलआरडीसी प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं परियोजना प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क, डीएसपी ने व्यवसायियों संग की बैठक

- सीसीटीवी दुरुस्त रखने और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और अपराध नियंत्रण को लेकर सोमवार को थाना परिसर में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (डीएसपी) उमेश सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वर्ण व्यवसायियों, पेट्रोल पंप संचालकों, बैंक प्रबंधकों एवं अन्य व्यवसायियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। डीएसपी ने व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा पुराने कैमरों को समय-समय पर अपग्रेड करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए नाइट विजन कैमरे भी लगाए जाने चाहिए।

उमेश सिंह ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए व्यवसायियों और पुलिस के बीच निरंतर संवाद और सहयोग आवश्यक है। उन्होंने व्यवसायियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपरिचित व्यक्ति अथवा आपराधिक तत्व की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

बैठक में मौजूद व्यवसायियों ने भी सुरक्षा संबंधी सुझाव साझा किए। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास, एसबीआई शाखा प्रबंधक जयंत कुमार, विभिन्न बैंक प्रतिनिधि, स्वर्ण व्यवसायी एवं पेट्रोल पंप संचालक मौजूद थे।

### वैद्यनाथ राम को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर झामुमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वैद्यनाथ राम को राज्यसभा चुनाव का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाला कदम बताया।

झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि पार्टी ने परिवारवाद से ऊपर उठकर अनुसूचित जाति समाज से आने वाले एक समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ता को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति निष्ठा, लंबे राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के योगदान को महत्व देना झामुमो की कार्यसंस्कृति का हिस्सा रहा है। केंद्रीय समिति सदस्य जुनैद अनवर, जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी तथा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी समेत अन्य नेताओं ने कहा कि वैद्यनाथ राम का राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जाना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि उच्च सदन में पहुंचने के बाद वे झारखंड और क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। इस अवसर पर पप्पन खान, मो. सरफराज, रशीद खान, राजकुमार साहू, साजिद खान, बबलू राय, मनीष कुमार चांदो, अंकित कुमार, अरविंद कुमार, आलोक कुमार, पवन कुमार, मो. ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्ल्यू प्रजापति सहित कई कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए पार्टी नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया और वैद्यनाथ राम की जीत को लेकर विश्वास व्यक्त किया।

# जाति जनगणना को लेकर जनजातीय समाजों की महाबैठक, एसटी दर्जे पर जताई चिंता

- अक्सी गांव में मुंडा, लोहरा और बड़ाईक समाज की बैठक, त्रुटि सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत के अक्सी गांव में मुंडा, लोहरा और बड़ाईक समाज की संयुक्त महाबैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए और राज्य में चल रही जाति जनगणना एवं सर्वेक्षण प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। बैठक का संचालन चरित्र मुंडा बैगा ने किया।

बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जाति जनगणना के दौरान भुईहर मुंडा, बड़ाईक तथा लोहरा-लोहार समुदाय के अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे से संबंधित जानकारी सही ढंग से दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये समुदाय स्वयं को मूल आदिवासी समाज का हिस्सा मानते हैं और उनके संवैधानिक अधिकारों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

वक्ताओं ने कहा कि जाति जनगणना और सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कराया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि गलत प्रविष्टियों के कारण संबंधित समुदायों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि कई स्थानों पर सर्वेक्षण कार्य में निर्धारित प्रक्रिया का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि यदि जनगणना प्रक्रिया में कथित त्रुटियों को दूर नहीं किया गया और समाज की आपत्तियों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो तीनों समाज संयुक्त रूप से आंदोलन करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन और अधिकारियों के घेराव जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

बैठक में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए अपनी पहचान, अधिकारों और सामाजिक अस्तित्व की रक्षा के लिए संगठित रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

### तेंदूपत्ता के कथित अवैध कारोबार पर ग्रामीणों ने जताई चिंता

**हेरहंज।** पालतू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र से जुड़े हेरहंज और बारियातू प्रखंड के जंगलों में तेंदूपत्ता के कथित अवैध संग्रहण एवं परिवहन को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जंगलों से बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता संग्रह कर बाहर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो जंगलों की जैव विविधता, पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन एवं वन विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें की गई थीं। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें किसी अवैध कारोबार की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जंगलों की सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी बढ़ाने, दोषियों की पहचान करने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

### नशामुक्ति और बाल विवाह रोकथाम पर दिया गया जोर

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में सरयू प्रखंड की चोरहा पंचायत अंतर्गत लाई गांव में जनजागरण एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रजीत राम सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा पुलिस के साथ संवाद बनाए रखने की अपील की। पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रजीत राम ने ग्रामीणों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। उन्होंने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता बताई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम में मुखिया अंकिता देवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक– 1075/ दिनांक– 08.06.2026

**शुद्धि पत्र**

PR 381281 (District) 26-27 (D) द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालिन निविदा सूचना सं0–NPH/01/2026-27 के क्रम सं0 03, Reference No.- NPH/01/2026-27/03 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है तथा शेष सूचनाऐं यथावत रहेंगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR 381827 (District) 26-27 (D)

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:शुद्धि पत्र:–**

इस कार्यालय पत्रांक 1140/जि0प0, दिनांक 26.05.2026 द्वारा आमंत्रित ई0निविदा सूचना संख्या– 09/2026–27 (PR No. 380772 District (26-27):D) में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 10.06.2026 के स्थान पर 13.06.2026 एवं निविदा खोलने की तिथि 12.06.2026 के स्थान पर 15.06.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 381809 District(26-27)#D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना, (नोटिस)**

COURT OF
SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE 1st CLASS

Form no- 5 (See Section 84 of the BNSS-2023)

IN THE COURT OF SRI NARENDRA KUMAR
JUDICIAL MAGISTRATE FIRST CLASS, GARHWA

BHANDARIYA P.S CASE NO- 05 of 2019

TO,
The Officer Incharge of Bhandariya P.S

WHEREAS Complaint has been made before me that the accused Sunny Kumar, s/o- Arvind Chaudhary has committed (or is suspected to have committed) the offence... Punishable under section- 419/420/467/468/470/471/120-B of the IPC and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said accused cannot be found; and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused - has absconded (or is concealing himself to avoid the service of said warranty.)

Proclamation is hereby made that the said accused -1. Sunny Kumar, S/o- Arvind Chaudhary, R/o- Baliguma Bagan Area, P.S- M.G.M. Dist OF - EAST SINGHBHUM (Jamshedpur)

is required to appear at- Garhwa, Civil Court.
In the Court of Sri NARENDRA KUMAR, J.M. 1st Class At GARHWA (BEFORE ME) -
to answer the said complaint on the 20th day of July 2026

Dated, this the 6th day of May 2026

Seal of court (SIGNATURE)

NARENDRA KUMAR
J.M.1st Class,Garhwa
ID-JHO0075
6/5/26

नाम–(1) सन्नी कुमार उम्र–करीब 26 वर्ष पिता–अरविन्द चौधरी, ग्राम–बालीगुमा बगान एरिया सुमन दत्ता स्कुल के नजदीक थाना–MGM जिला–पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–05/2019 दिनांक–19.01.2029 धारा–419, 420, 467, 468, 470, 471, परिवर्तित धारा–419, 420, 467, 468, 470, 471, 120(बी), भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा दिनांक–06.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–19.05.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–20.07.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–20.07.2026 तक माननीय न्यायालय माननीय न्यायालय, श्री नरेन्द्र कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 381788 Police(26-27)#D

# क्रिकेट मैच के दौरान विवाद के बाद युवक गिरफ्तार, हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के चेटर क्षेत्र में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद के बाद एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मैच के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद एक युवक द्वारा हथियार निकालने की सूचना मिली। मौके पर मौजूद खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक की पहचान चेटर निवासी शिवा केरकेट्टा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही हथियार के स्रोत और पूरे घटनाक्रम की भी जांच की जा रही है।

## अवैध हथियार और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तिर्रा बाईपास स्थित जोराग मोड़ के समीप की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध परिस्थिति में हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, लेकिन उसे पीछा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान जोराग निवासी अशोक नायक के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद की गई। साथ ही उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# लंबित योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रमंडल, जिला परिषद, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भवन निर्माण विभाग, एनआरईपी तथा विद्युत विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को लंबित योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण से जुड़े भूमि विवाद के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित भुगतानों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा।

उन्होंने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य जनोपयोगी भवनों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा अभियंताओं को नियमित स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में लंबित विद्युतीकरण कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन सहित विभिन्नयू विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पेड़ पर पत्ता तोड़ने के दौरान बालक को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के लूरु गांव निवासी 11 वर्षीय प्रेम खेश को सोमवार को विषैले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार प्रेम खेश दोपहर करीब दो बजे घर के समीप बर और फुटकल के पेड़ के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह पत्ता तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। बताया जाता है कि पेड़ के एक खोखले हिस्से में झांकने के दौरान वहां छिपे विषैले सांप ने उसके नाक के ऊपर काट लिया।

घटना के बाद साथ में मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और बालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। शाम करीब चार बजे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार बालक की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है और उसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

# अनुकंपा नियुक्ति, प्रोन्नति और स्थानांतरण मामलों पर समिति की बैठक, कई प्रस्तावों पर लिए गए निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्थापना सह अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुकंपा नियुक्ति, प्रोन्नति, सेवा संपुष्टि, स्थानांतरण, पदस्थापन तथा विभिन्न प्रशासनिक मामलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में सामान्य अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित दो प्रस्तावों पर विचार किया गया। इनमें एक प्रस्ताव को समिति ने स्वीकृति प्रदान की, जबकि दूसरे मामले में आवश्यक जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद अगली बैठक में पुनर्विचार करने का निर्णय लिया गया। वहीं उग्रवादी हिंसा से संबंधित एक अनुकंपा नियुक्ति प्रस्ताव को नियमानुसार अस्वीकृत कर दिया गया।

एमएसीपीएस के तहत प्राप्त दो प्रोन्नति प्रस्तावों में से एक को स्वीकृति दी गई, जबकि दूसरे प्रस्ताव को अगली बैठक तक लंबित रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सरकारी माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक की सेवा संपुष्टि, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया द्वारा भेजे गए सेवा संपुष्टि तिथि संशोधन प्रस्ताव तथा जिला पंचायत राज कार्यालय में पदस्थापन और अनुसेवक प्रतिनियुक्ति से जुड़े मामलों पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति ने विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में प्रधान लिपिक, लिपिक और अनुसेवकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए। साथ ही चिकित्सीय एवं व्यक्तिगत आधार पर प्राप्त स्थानांतरण संबंधी अभ्यावेदनों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, अपर समाहर्ता राजीव नीरज, अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खालको, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आम और जामुन के पेड़ से गिरकर दो बच्चे घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में पेड़ से गिरने की दो घटनाओं में दो बच्चे घायल हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। पहली घटना बसिया थाना क्षेत्र के सोनमेर बेहराटोली गांव की है। जानकारी के अनुसार 10 वर्षीय आशीष डुंगडुंग अपने साथियों के साथ आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। घटना में उसके सिर और सीने में चोट लगी। परिजन उसे तत्काल रेफरल अस्पताल बसिया ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया।

दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के अटरिया गांव की है। 9 वर्षीय अनीश झोरा जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया, जिससे उसके होंठ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों बच्चों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

## दृष्टिपात

### कड़कती धूप से वृद्ध की तबीयत बिगड़ी

**रायडीह (गुमला)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। सोमवार दोपहर रायडीह प्रखंड के कोब्जा तुम्बागड़ा निवासी 65 वर्षीय लालदेव सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लालदेव सिंह दोपहर करीब दो बजे पत्राटोली बाजार पहुंचे थे। इसी दौरान तेज धूप और गर्मी के कारण उन्हें चक्कर आ गया और वे बाजार में ही गिर पड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें रायडीह उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तथा परिजनों को सूचना दी। उप स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार 108 एम्बुलेंस सेवा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समय पर सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। इसके बाद निजी वाहन से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय भरनो के सभागार में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की। बैठक में सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट) श्रेणी को छोड़कर सभी पात्र मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए मतदान केंद्र स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। बैठक में एएसडीडी मतदाताओं की सूची तैयार करने, नोशनल हाउस नंबरिंग की समीक्षा तथा बीएलओ रजिस्टरों के अद्यतन संधारण पर भी चर्चा की गई। जिन मतदान केंद्रों में मैपिंग का प्रतिशत कम है, वहां विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अनमैप्ड मतदाताओं की सूची मतदान केंद्रों पर केवल सुविधा के उद्देश्य से चस्पा की गई है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सही जानकारी के लिए बीएलओ या प्रखंड कार्यालय से संपर्क करने की अपील की। साथ ही भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी।

### पेंशनर समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में राज्यस्तरीय पेंशनर समाज की हालिया बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी सदस्यों को दी गई। वक्ताओं ने पेंशनरों के हितों से जुड़े मामलों पर संगठन की सक्रिय भूमिका बनाए रखने की आवश्यकता बताई। इस दौरान झारखंड सरकार द्वारा घोषित महंगाई राहत की अधिसूचना शीघ्र जारी करने की मांग भी उठाई गई। सदस्यों ने कहा कि अधिसूचना जारी होने से पेंशनरों को राहत मिलेगी। बैठक का प्रमुख आकर्षण जिला पेंशनर समाज की महिला विंग का गठन रहा। सर्वसम्मति से मेझरेन मिंज को संरक्षक, कोरोलिना एक्का को अध्यक्ष, प्रमिला कुमारी को सचिव तथा ब्रिजिट कांति टोप्पो को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान पांच नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा, हर घर तक पेयजल पहुंचाने पर जोर

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जल जीवन मिशन एवं अन्य पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, खराब नलकूपों और चापाकलों की मरम्मत, हर घर नल कनेक्शन, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खराब पड़े नलकूपों एवं चापाकलों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न न हो। उन्होंने ऐसे गांवों और परिवारों को चिन्हित करने को कहा जो अब भी प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं और उन्हें जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन से जोड़ने की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया।

# आदिवासी रूढ़ी प्रथा स्वशासन व्यवस्था को सशक्त बनाने पर हुआ मंथन

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** जारी प्रखंड के कमलपुर में आयोजित 19वें अतखा पड़हा महासम्मेलन में आदिवासी समाज की पारंपरिक रूढ़ी प्रथा आधारित स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने, सामाजिक एकता बनाए रखने तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन कमलपुर मूली पड़हा-गुमला, झारखंड राजी पड़हा एवं मूली पड़हा मुख्यालय दीपु बगीचा जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

महासम्मेलन की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मेलन में आदिवासी समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, न्यायिक एवं पारंपरिक व्यवस्थाओं को वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुरूप सुदृढ़ बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

वक्ताओं ने सामाजिक जनगणना, पड़हा निबंधन, पड़हा महा जनजागरण अभियान तथा समाज के संगठनात्मक विस्तार जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान, परंपरा और अधिकारों की रक्षा के लिए पारंपरिक पड़हा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। साथ ही समाज को कुरीतियों से दूर रखते हुए नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजी पड़हा के राजी देवान बसंत कुमार भगत उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिगनी दई महिला संगठन सतमनी भगत, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता नेलशन भगत, राजू उरांव, चुईया कुजूर, देवराम लाल उरांव, गौरी किंडो, राजबेल उरांव, सोनो मिंज, महेंद्र उरांव सहित कई सामाजिक एवं पारंपरिक पदाधिकारी शामिल हुए।

महासम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजनों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वक्ताओं ने सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण तथा पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों के बीच महाप्रसाद एवं सामूहिक भोजन का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पड़हा समिति के पदाधिकारियों, महिला समिति, युवा संघ तथा स्थानीय समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अखंड हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ भरनो श्रीविष्णु मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भरनो (गुमला)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर भरनो बस्ती बाजार टांड़ स्थित श्रीविष्णु मंदिर में सोमवार से 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना एवं विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अखंड संकीर्तन शुरू होते ही मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंची कीर्तन मंडलियां भगवान विष्णु एवं श्रीहरि के भजनों का संकीर्तन प्रस्तुत कर रही हैं। आयोजन में जरिया, कैरो, नरौली, मंडरो, सिसई, गणेशपुर और डोम्बा समेत कई गांवों की मंडलियां भाग ले रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार पुरुषोत्तम मास सनातन धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस दौरान भगवान विष्णु की आराधना, भजन-कीर्तन, जप-तप और दान-पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। मंदिर के पुजारी आचार्य अवधेश मिश्र ने कहा कि हरिनाम संकीर्तन लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 9 जून को होगी, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in
Telephone:-06562-295539

**E-Procurement Short E-NIT Notice of procurement of materials under O&M and ADP head 2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar .**

Online Tenders are invited from reputed and experienced Manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities and permanently registered with SSI/MSME/NSIC units OR Authorized dealer/Financially Sound & reputed regular supplier firms authorized by such principle manufacturers having best testing facilities conforming to standard specification for supply of under mentioned different types of materials under O&M and ADP Head for the financial year 2026-27.
Manufacturing,testing & supply of following O&M and ADPMaterials:-
Online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | O&M Qnty. | ADP Qnty. | Earnest Money (in Rs) | BOQ (Non Refundable, including 18% GST) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 147/PR/JBVNL/ 2026-27 | A | 2.5 mm2 copper 2 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | Rs 58000/- | Rs 5900/- |
| | | B | 2.5 mm2 copper 4 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |
| | | C | 2.5 mm2 copper 6 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 800 | 1000 | | |
| | | D | 2.5 mm2 copper 10 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |
| | | E | 2.5 mm2 copper 12 core control cable (Armoured) Multistrand | Mtrs. | 1500 | 1000 | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | Date 09.06.2026 time 02:00 PM |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | Date 09.06.2026 time 02.00 PM |
| 3. Pre Bid Meeting | :- | Date 15.06.2026 time 10.00 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of E Tender Towards Cost of BOQ & EMD/Documents etc. online | :- | Date 24.06.2026 time 01.00 PM |
| 4. Date and time of opening of tender(Techno-Commercials Cover) i.e Cover-I) | :- | Dated 25.06.2026 at 15:00 PM |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the website http:// jharkhandtenders.gov.in
. Tender Notice is also available on our website: www.juvnl.in.
ii. For any clarification please contact : - 7488397213. EE (IT)

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-Chief Engineer
E.S.A., Medininagar

PR 381771 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D



**कार्यालय जिला परिषद, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत निवास करने वाले नागरिकों को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद लातेहार अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में संवेदकों का निबंधन कराया जाना है। अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार द्वारा प्राप्त अनुरोध के आलोक में इच्छुक नागरिक दिनांक 10/06/2026 से कार्यालय अवधि में विहित प्रपत्र मो0 500.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जो लातेहार में भुगतेय हो तथा सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय हो कार्यालय अवधि में जमा कर एतद संबंधी आवेदन प्राप्त किया जा सकता है। निबंधन हेतु अन्य दस्तावेज निम्नवत संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. वैसे नागरिक जो जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किये गये है उनकी निबंधन नहीं किया जाएगा।
2. विहित प्रपत्र "क" में आवेदन पत्र दाखिल करना होगा।
3. PAN CARD की स्वप्रमाणित छाया प्रति।
4. आवेदन पत्र में चिपकायी गयी रंगीन फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति।
5. पते का प्रमाण पत्र। (पहचान पत्र/आधार कार्ड/स्थानीय/अवासीय प्रमाण पत्र)
6. किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंकों से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (मूल में संलग्न करे) जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के नाम से **लातेहार** शाखा में भूगतेय होगा
7. 100.00 रूपये के Stamp Paper में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना होगा कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है तथा उन्हे किसी विभाग द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
8. हाल में खींची गई पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो के 03 प्रति।
9. पार्टनरशिप फर्म के लिए संबंधित डीड की प्रति (स्व अभिप्रमाणि)
10. आवेदक का चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक स्तर) का संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. प्रथम निबंधन 05 वर्षो के लिए मान्य होगा। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात 90 दिनों के अन्दर डेढ गुणा निबंधन शुल्क की राशि जमा कर निबंधन नवीनीकरण कराया जा सकता है।
12. संवेदकों का श्रेणी एवं श्रेणीवार निर्धारित निबंधन हेतु शुल्क इस प्रकार है:–

| क्र0 | निविदा राशि की सीमा | निबंधन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | श्रेणी–1 (2.50 करोड से अधिक) | 2.00 लाख |
| 2 | श्रेणी–2 (50 लाख से 2.50 करोड तक) | 1.00 लाख |
| 3 | श्रेणी–3 (10 लाख रू0 से 50 लाख रू0 तक) | 25 हजार |
| 4 | श्रेणी–4 (10 लाख रू0 तक) | 10 हजार |

13. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23/06/2026 (कार्यालय अवधि)
14. सरकारी सेवा से हटाए गये व्यक्ति, संवेदकों के स्वीकृत सूची से हटाए गए व्यक्ति, निलंबित सरकारी सेवक, न्यायालय से दोशी पाए गये व्यक्ति एवं किसी भी विभाग द्वारा असैनिक कार्यो हेतु प्रतिबंधित/कालीसूची में अंकित व्यक्ति/फर्म के आवेदक होने की स्थिति में ऐसे आवेदक का निबंधन नहीं किया जाएगा। (Annexure-A)
15. आवेदक को प्रथम श्रेणी में निबंधन कराने के लिए किसी भी विभाग/कार्यालय का न्यूनतम 2.50 करोड़ का एकल (Single) कार्यादेश होना अनिवार्य होगा।
16. प्रथम श्रेणी में निबंधन कराने हेतु आवेदक को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।
17. द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में निबंधन कराने के लिए आवेदक को लातेहार जिला का निवासी होना अनिवार्य होगा।
18. सिर्फ जिला परिषद कार्यालय, लातेहार से निर्गत मूल आवेदन पत्र जिस पर सचिव, जिला परिषद, लातेहार का मुहर अंकित होगा उसे ही विचारार्थ स्वीकार किया जाएगा।
19. निबंधित संवेदकों का निबंधन शुल्क किसी भी अन्य आधार या कारणवश वापस नहीं होगा।
20. इस संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद के स्थिति में सचिव, जिला परिषद का निर्णय सर्वमान्य होगा तथा किसी भी न्यायालय में कोई मामला दायर नहीं किया जाएगा।
21. उक्त सूचना में आंशिक संशोधन, परिवर्तन अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरिक्षत होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लातेहार

PR 381785 Rural Development(26-27).D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

Short e-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee , RS (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 245/PR/JUSNL/ 2026-27 | Repair and maintenance, sanitary work, painting of control room, DG Room and roof treatment etc and other miscellaneous work at 132/33 KV GSS Japla. | 5,900.00 | 32,000.00 |
| 2. | 246/PR/JUSNL/ 2026-27 | Execution of protective work for safety of existing Tower foundation to prevent soil erosion at location no. 51 (N) of 220 KV D/C Latehar-Daltonganj (PGCIL) Transmission Line under the jurisdiction of 400/220/132 kV GSS, Latehar. | 5,900.00 | 44,500.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | From 10.06.2026 at 04.00 PM to 01.07.2026 at 12.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 10.06.2026 at 04.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 01.07.2026 at 12.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 02.07.2026 at 12:30PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009/9973936358for any enquiry. The bids will bereceived through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager Transmission Zone- IV, Medininagar

PR 381815 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27)D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# भगवान बिरसा मुंडा के अंधेरे गांव का मौसमी विकास

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अंग्रेज अंग्रेजियत और उनके समर्थकों के शोषण के विरुद्ध विद्रोह करने वाले बिरसा आज भगवान बिरसा मुंडा बन चुके हैं जिन्हें आदिवासी समाज के वैश्विक ब्रांड बनाने वाले अब माननीय और अधिकारी हैं पर भगवान का गांव और उनके वंशज कहां हैं? स्वतंत्रता संग्राम में देश के जनजातीय समुदाय को प्रेरित करने से लेकर पत्थलगड़ी और अफीम की तस्करी के इतिहास वाले खूंटी जिले के लिए राजधानी रांची से शानदार सड़क संपर्क से एक सवा घंटे में पहुंचा जा सकता है पर 9 जून भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर उनके जन्मस्थान उलिहातु में पिछली बार भी किसी बड़े अधिकारी या माननीय का नहीं आना आम बात नहीं है पहले भगवान बिरसा मुंडा के कार्यक्रमों में नेता मंत्रियों की भीड़ लगी रहती थी। 2023 में प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्साह देखने को नहीं मिला था उलिहातु के ग्रामीणों ने बताया कि बिरसा के जन्म दिवस और शहादत दिवस पर कीताडीह से उलिहातु तक जबरदस्त मौसमी विकास होता है हर सरकारी भवन की रंगाई पुताई की जाती है बिरसा के बंशज बुजुर्ग सुखराम मुंडा की खोजबीन कर नया धोती-कुर्ता दिया जाता है फिर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पूजा पाठ कर माला पहनाने के बाद उलीहातु गांव के विकास की बात होती है ।कार्यक्रम के बाद उलिहातु को पिछड़ेपन के अंधकार की स्थिति में छोड़ दिया जाता है ।इस बार पौधारोपण भी होगा । शीर्ष पदों पर आसीन लोगों से गांव वालों की उम्मीदें जगती हैं कि कभी उनसे उनका दुःख-दर्द पूछा जाए पर ऐसा आज तक नहीं हुआ क्योंकि देश के शीर्ष नेता अधिकारियों से ग्रामीणों को मिलने की इजाजत नहीं होती। स्थानीय कहते हैं कि बिरसा मुंडा के जन्मस्थली के बाद यदि पूरे गांव का भ्रमण किया जाए तो उलिहातु गांव के भयंकर पिछड़ेपन और बेरोजगारी का पता चल जाएगा। झारखंड के 26वें बर्ष तक आज उलिहातु गांव को विकास के नाम पर कुछ विशेष नही मिला। यहां अधिकतर परिवार टूटे फूटे घरों में रहते हैं। शहीद आवास का भी कार्य पूरा नहीं हुआ। राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के आने पर गांव का पिछड़ापन ना दिखे इसलिए इन मकानों को 20 फीट ऊंची टेंट से ढंक दिया गया था। इन लोगों का कहना है कि आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के पहले बहुत खुशी हुई थी साथ मे उम्मीदें भी थी लेकिन प्रशासन के द्वारा हमारे गांव के किसी को भी कार्यक्रम स्थल तक जाने नहीं दिया गया किसी को घर से निकलने तक की मनाही थी सड़कों पर चलना मना था । उलिहातु के लोगों का मानना है कि बिरसा ओड़ा आने वाले अतिथियों से मिलने पर समस्या और वस्तुस्थिति के बारे में बताने का मौका मिलेगा लेकिन ऐसा कभी नहीं होता। बिरसा के बंशज वृद्ध सुखराम मुंडा ने बताया कि बताया कि उलिहातु समेत आसपास के कई गांवों तुबिद, बेड़ाडीह, जोपनो, लेपसेर, सेल्दा, ग़सार, पीड़िटोली, गेरने और कुईल में पानी की भारी किल्लत है । जोपनो गांव में तो पानी बिल्कुल नहीं है। बिरसा ओड़ा का सोलर जलमीनार खराब पड़ा है। यहां के लोग अभी भी चुंवा का पानी पीने को मजबूर हैं । उलिहातु में तीन चुंवा हैं जिससे लगभग 80 घरों के परिवार और मवेशी पानी पीते हैं एक दो नल लगे हुए है लेकिन जलस्त्रोत नही होने के कारण साल में चार महीने बरसात के मौसम में पानी निकलता है बाकी आठ महीने सूखा रहता है। जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई है पर इस सप्लाई पानी से उनकी सभी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। साथ ही नियमित पानी का सप्लाई भी नहीं होने से पाइप लाइन बिछाने का ग्रामीणों को कोई विशेष लाभ नहीं मिला है । प्रखंड मुख्यालय अड़की में चाय नाश्ते की ढंग की दुकान तक नहीं सालों भर बिरसा ओड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को पानी खरीदना पड़ता है। आवासीय विद्यालय में भी पानी की काफी समस्या है। छात्रों को पीने और साफ-सफाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता और अधिकारी आते हैं लेकिन जमीनी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शहीद के सम्मान के साथ मजाक हो रहा है। प्रशासन से अपील की है कि समय रहते व्यवस्था सुनिश्चित करें और जमीनी स्तर पर आदर और जिम्मेदारी दिखाएं। उन्होंने मांग की है कि जलमीनारों की मरम्मत कराई जाए और हर गांव में स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भगवान बिरसा मुंडा के गांव की गरिमा बनी रहे। वहीं दूसरी ओर अशिक्षा और भड़काऊ शक्तियों से अड़की के युवाओं का गलत दिशा में भटकाव भी काफी समस्या खड़ा कर रहा है अधिकतर युवा नशे की चपेट में हैं अफीम की खेती भी काफी बड़ी समस्या है ।युवा काम धंधे में कम मेला और बाजारों में हंडिया दारू के अड्डों पर देखे जाते हैं । अत्यधिक नशाखोरी से सड़क दुर्घटना में हुई मौत के आंकड़ों में काफी बढ़ोतरी हुईं है घरेलू हिंसा में हत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ी हैं । राज्य या देश की राजधानी तक अड़की के आक्रोश की गूंज पहुंचती है पर दर्द का कारण शायद नहीं पहुंचता इसलिए तारणहार का इंतजार है ।

विचार प्रवाह

मेरे गुरु ने मुझे दिखाया कि ईश्वर के दर्शन करने के लिए स्वयं को एक योग्य मंदिर बनाने हेतु ज्ञान की छेनी का उपयोग कैसे किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति ऐसा कर सकता है यदि वह दिव्य-बोध- संपन्न गुरुओं के उपदेशों का पालन करे। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ**

# इतिहास, बलिदान और वैचारिक क्रांति के अमर नायक बिरसा मुंडा

आज की बात



हृदयानंद मिश्र

> **बिरसा मुंडा का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि इतिहास केवल राजमहलों में नहीं, बल्कि जंगलों, पहाड़ों और वंचित समुदायों के संघर्षों से भी निर्मित होता है। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए भी था**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने सीमित जीवनकाल में ही ऐसा अमिट प्रभाव छोड़ा कि वे केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन बन गए। आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और प्रतिरोध के महानायक बिरसा मुंडा ऐसे ही युगपुरुष थे। उन्होंने न केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक स्तर पर भी एक ऐसी क्रांति का सूत्रपात किया जिसने आदिवासी समाज को अपनी पहचान और अधिकारों के लिए संगठित होने की प्रेरणा दी। बिरसा मुंडा का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि इतिहास केवल राजमहलों में नहीं, बल्कि जंगलों, पहाड़ों और वंचित समुदायों के संघर्षों से भी निर्मित होता है। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए नहीं था, बल्कि जल, जंगल, जमीन और सांस्कृतिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए भी था। यही कारण है कि आज भी वे आदिवासी चेतना के सबसे बड़े प्रतीक माने जाते हैं। 15 नवंबर 1875 को वर्तमान उलीहातु गांव में जन्मे बिरसा मुंडा का परिवार आर्थिक रूप से साधारण था, किंतु सांस्कृतिक रूप से समृद्ध था। बचपन से ही उन्होंने आदिवासी समाज की पीड़ा, शोषण और विस्थापन को देखा। अंग्रेजी शासन और जमींदारी व्यवस्था ने आदिवासियों की पारंपरिक भूमि व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया था। हजारों आदिवासी अपनी ही जमीन से बेदखल हो रहे थे। शिक्षा प्राप्त करने के दौरान बिरसा ने मिशनरी गतिविधियों को भी करीब से देखा। उन्होंने पाया कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपराओं को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। इसी अनुभव ने उनके भीतर सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का बीज बोया। बिरसा मुंडा केवल विद्रोही नहीं थे; वे एक महान चिंतक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने आदिवासी समाज से अंधविश्वास, नशाखोरी और सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों को आत्मसम्मान, स्वावलंबन और संगठन की शक्ति का महत्व समझाया। उनका संदेश था कि आदिवासी अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं पर गर्व करें। उन्होंने धर्मांतरण और सांस्कृतिक वर्चस्व के खिलाफ आवाज उठाई। उनके अनुयायी उन्हें "धरती आबा" अर्थात धरती का पिता कहकर सम्मानित करने लगे। बिरसा का आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं था। वह सामाजिक सुधार, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आर्थिक न्याय का भी आंदोलन था। इस दृष्टि से वे आधुनिक भारत के प्रारंभिक वैचारिक क्रांतिकारियों में गिने जा सकते हैं।उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध "उलगुलान" अर्थात महाविद्रोह का नेतृत्व किया। यह केवल हथियारबंद संघर्ष नहीं था, बल्कि अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनजागरण था। उन्होंने घोषणा की कि जल, जंगल



और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। यह विचार आज भी पर्यावरणीय न्याय और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की बहस में अत्यंत प्रासंगिक है। उलगुलान ने अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी। हजारों आदिवासी बिरसा के नेतृत्व में संगठित हुए। अंग्रेज सरकार ने इस आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर दमन चक्र चलाया, लेकिन बिरसा के विचारों को दबा नहीं सकी। अंग्रेजों ने 1900 में बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु आज भी अनेक प्रश्नों को जन्म देती है, क्योंकि परिस्थितियाँ पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकीं। यद्यपि उनका जीवन बहुत छोटा था, लेकिन उनका बलिदान अमर हो गया। उनकी मृत्यु ने आदिवासी समाज में संघर्ष की नई चेतना पैदा की। अंग्रेजों को अंततः आदिवासी भूमि अधिकारों के संबंध में नीतियों में बदलाव करने के लिए बाध्य होना पड़ा। आज जब विकास के नाम पर विस्थापन, पर्यावरणीय संकट और स्थानीय समुदायों के अधिकारों पर बहस हो रही है, तब बिरसा मुंडा की विचारधारा पहले से अधिक प्रासंगिक दिखाई देती है। उन्होंने हमें सिखाया कि विकास तभी सार्थक है जब उसमें न्याय, सम्मान और सहभागिता हो। उनका संघर्ष बताता है कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिवस 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्वीकार करता है। बिरसा मुंडा केवल एक आदिवासी नेता नहीं थे; वे भारत के लोकतांत्रिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संघर्षों के अग्रदूत थे। उन्होंने अपने अल्प जीवन में जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है—अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, अपनी पहचान पर गर्व और सामूहिक अधिकारों की रक्षा।उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि इतिहास के महान अध्याय केवल सत्ता के गलियारों में नहीं, बल्कि उन लोगों के संघर्षों में लिखे जाते हैं जो अपने अधिकारों और सम्मान के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं। धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा की उस ज्योति का नाम है जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन देती रहेगी। उनके विचार, उनका संघर्ष और उनका बलिदान भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं।

**(सदस्य कोऑर्डिनेशन कमिटी झारखंड प्रदेश)**


# हजारीबाग की माटी का एक अनमोल लाल : सुखलाल

अलग बात



प्रमोद कुमार

पुण्यतिथि पर विशेष



हजारीबाग जिला परिषद के थे प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष

एक ऐसा विधायक जिनकी आजीवन सवारी रही साइकिल

कद लगभग 6 फीट, लिबास खादी की धोती और कुर्ता, माथे पर खादी की गांधी टोपी और पांव में साधारण चप्पल। इस वेशभूषा में साधारण दिखने वाला व्यक्ति एक असाधारण महापुरुष था जिसे इलाके में वैद्य जी के नाम से जाना जाता था। आजीवन गांधीवादी विचारधारा पर चलने वाला यह व्यक्ति स्वतंत्रता सेनानी, प्रांतीय धारा सभा के चुनाव में विजयी होकर विधायक तथा आजादी के बाद चतरा विधानसभा से प्रथम विधायक बनकर जनता की सेवा की। आज की पीढ़ी को इस अनाम स्वतंत्रता सेनानी के बारे में शायद ही जानकारी होगी। इसका अंदाज किसी से लग जाता है जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आगमन 11 फरवरी 1940 को हजारीबाग में हुआ था उसे समय सुखलाल सिंह जिला परिषद के अध्यक्ष थे। नेता जी के स्वागत के लिए बनी कमेटी के स्वागत समिति के अध्यक्ष हीरालाल महाजन ने एक आवेदन देकर सुखलाल बाबू से शहर के लेपो रोड में कुछ तोरण द्वार बनाने की अनुमति मांगी थी। वर्तमान में जो मेन रोड है वह पहले लेपो रोड के नाम से जाना जाता था। क्योंकि सुखलाल बाबू जिला परिषद के अध्यक्ष थे इसलिए उनसे अनुमति लेना जरूरी था। 9 फरवरी 1940 के इस आवेदन पर सुखलाल सिंह ने स्वीकृति देकर नेताजी के कार्यक्रम को सफल बनाने का संदेश भी दिया था। आज से 86 वर्ष पहले का यह आवेदन इस घटना का तस्दीक करता है कि किसी भी बड़े छोटे कार्यक्रम के लिए उस समय प्रशासनिक औपचारिकताएं विधिवत पूरी की जाती थी। सुखलाल सिंह का जन्म 3 जनवरी 1897 को एकीकृत हजारीबाग जिले के चतरा सब डिवीजन के तेतरिया गांव में हुआ था। वर्तमान में चतरा सबडिवीजन अब जिले के रूप में स्थापित है। सुखलाल बाबू स्वतंत्रता सेनानी रामनारायण सिंह के अनुज थे। 1920 में वे असहयोग आंदोलन में शामिल होकर पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। उनका कार्य क्षेत्र चतरा और हजारीबाग बना। इन्हें राजनीतिज्ञ से अधिक ख्याति वैद्य के रूप में मिली। 26 जनवरी 1929 को तिरंगा फहराने के जुर्म में सुखलाल बाबू को जेल की सजा हुई तथा 1932 में उनकी रिहाई हुई। 1934 में हजारीबाग जिला बोर्ड के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने तथा 10 दिसंबर 1940 को उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। 1936 में चतरा-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब 1952 में आम चुनाव हुए उस समय चतरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। उन्हें संसदीय सचिव बनाया गया जिस पद का दायित्व उन्होंने काफी ईमानदारी से निभाया। वर्तमान में जो सड़क डोभी से चंदवा तक बनाई गई है वह इन्हीं की देन है। इसके अलावा कई बड़े-बड़े डैम के निर्माण करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 9 जून 1969 को इलाज के क्रम में पटना में उनका देहांत हुआ। सुखलाल बाबू राजनीति से पूरी तरह संन्यास लेकर अपने पैतृक गांव कुसुंभा में खेती करने लगे। यहां पर उनके राजनीतिक मित्रों का हमेशा आना-जाना लगा रहता था। स्वर्गीय के वीसहाय,स्वर्गीय बसावन सिंह,स्वर्गीय वीरचंद पटेल,अब्दुल कयूम अंसारी जैसे उनके मित्रमंडली में शामिल थे। इस पंक्ति के लेखक को इसकी जानकारी पटना में बसावन बाबू से एक विशेष मुलाकात के दरमियान हुई थी। बसावन बाबू से श्री कृष्णा पुरी मोहल्ले स्थित उनके आवास पर घंटो बातचीत हुई थी। उन्होंने सुखलाल बाबू की सादगी संघर्ष और सेवा भाव की गाथा विस्तार से सुनाई थी। आजादी के पहले और आजादी के बाद विधायक रह चुके सुखलाल बाबू की शानदार सवारी साइकिल थी। आजीवन आडंबर से दूर रहने वाले ऐसे महापुरुष को शत-शत नमन और श्रद्धांजलि। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## जीवन, जलवायु व भविष्य की रक्षा का संकल्प



संजय सर्राफ

**विश्व महासागर दिवस** प्रत्येक वर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य महासागरों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उनके संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। महासागर पृथ्वी के लगभग 71 प्रतिशत भाग को आच्छादित करते हैं और मानव जीवन, जैव विविधता तथा वैश्विक जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व महासागर दिवस की अवधारणा वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत की गई थी। इसके बाद वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आधिकारिक रूप से 8 जून को विश्व महासागर दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। तब से यह दिवस पूरी दुनिया में विभिन्न कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, जागरूकता अभियानों और पर्यावरणीय गतिविधियों के माध्यम से मनाया जा रहा है।महासागर पृथ्वी के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। वे मानवता को भोजन, ऑक्सीजन, ऊर्जा, औषधीय संसाधन और रोजगार प्रदान करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल में उपलब्ध लगभग 50 प्रतिशत ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा महासागर वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने तथा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व महासागर दिवस का प्रमुख उद्देश्य समुद्री प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे, अत्यधिक मत्स्य दोहन, जलवायु परिवर्तन और समुद्री जैव विविधता के क्षरण जैसी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह दिवस सरकारों, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और आम नागरिकों को महासागरों के संरक्षण के लिए एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है। इस दिवस की विशेषता यह है कि यह केवल समुद्री क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल स्त्रोतों की स्वच्छता, समुद्री जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाकर महासागरों को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

राष्ट्रीय नवीन मेल

धर्म-अध्यात्म

## सच्चाई है प्रेम और सेवा



स्वामी चिन्मयानंद


प्राणि-जगत क्रमशः विकसित होता हुआ अधिक चेतना की ओर, व्यापक प्रेम की ओर और आनन्द के उच्चतर शिखर की ओर बढ़ता जा रहा है। ऐसे मनुष्य बहुत ही बिरले हैं जिनमें सच्चाई है, प्रेम और सेवा के लिए समर्पित हैं, दान और दया का मूल्य समझते हैं। उन्हें ही जगत् के विकास के क्रम में उच्चतम स्थिति प्राप्त करने का अवसर मिलता है। यदि हम निःस्वार्थ भाव से प्रेमपूर्वक सेवाकार्य में लगन के साथ निरन्तर लगे रहते हैं तो कार्य बहुत योजनाबद्ध और व्यवस्थित न होने पर भी सफलता अवश्य मिलती है। केवल सेवाकार्य में लगे व्यक्ति के हृदय में अहंकार नहीं होना चाहिए। वह अपने उद्देश्य के प्रति निष्ठा रखे, आने वाली समस्याओं का सामना साहसपूर्वक करता रहे और हर दशा में अक्षुण्ण शान्त के साथ मुस्कराता रहे। बहुत से लोग उसी समय अपना कार्य छोड़कर बैठ जाते हैं जब उन्हें सफलता मिलने को होती है। यदि 'करो या मरो' भावना जीवित रखने की थोडी शक्ति उनमें और होती तो वे सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचने की तृप्ति प्राप्त कर सकते थे। किन्तु कुछ लोग थक और बुझ कर पहले ही कार्य छोड़ देते हैं। ऐसा दुष्परिणाम उन्हीं को भोगना पड़ता है जिनके मन में स्वार्थ, कामना, अहंकार और चिन्तायें झांक रही होती हैं। हरि-स्मरण के प्रकाश में ये निशाचर भगवान के सच्चे सेवक को किंचित भयभीत नहीं कर सकते। इसलिए जब कभी मन में निराशा आये तो इस बात को मन में ही दोहराते रहो 'सफलता अब पास ही है, थोड़ा प्रयास और करें, वह शीघ्र हमारे हाथ में आ जायेगी।' किन्तु हम सब सच्चे उत्साह से कार्य करें। उस समय अन्य लोगों को भी देखकर दुःख होता है जो क्रीतदास की भांति वेमन, थके-थके काम करते हैं और अपने मालिक के डंडे से भयभीत रहते हैं।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

फेसबुक वॉल से





एक्स से



# झारखंड को हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे ?

देश की बात



केदारनाथ दास

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन गत दिनों झारखंड के दौरे पर थे। जाहिर सी बात है कि उनके इस दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा उत्साह था। उन्होंने पुरजोर तरीके से उनका स्वागत भी किया लेकिन इस स्वागत का प्रत्युत्तर सिर्फ एक अस्पष्ट चुनावी नारे में सिमट कर रह गया और अब भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ऐसा इसलिए कि राजनैतिक दृष्टिकोण से झारखंड में भाजपा भले ही मजबूत दिख रही हो परन्तु इसके सांगठनिक रवैए से सीमांत कार्यकर्ता नाराज हैं। यह एक ऐसी पार्टी है जो एकात्म मानववाद पर भरोसा करती है और इसका निहितार्थ अंततः साफगोई को समर्पित होता है। यह सबकुछ जानते समझने के बावजूद नितिन नबीन का "झारखंड हमने बनाया है, इसे हम ही संवारेंगे" जैसा एक वक्तव्य आखिरकार राजनैतिक, ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक संदर्भ में कई गंभीर प्रश्न खड़ा करता नजर आ रहा है। श्री नबीन के इस वक्तव्य के बाद जमीनी स्तर के आम कार्यकर्ताओं के सामने आज सबसे पहला सवाल यह आ खड़ा हुआ है कि क्या किसी एक दल को किसी राज्य के निर्माण का पूरा श्रेय दिया जा सकता है? यह सही है कि झारखंड का निर्माण 15 नवंबर 2000 को तब हुआ जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। दूसरी ओर, यह भी सही है कि झारखंड राज्य की मांग भाजपा के अस्तित्व में आने के दशकों पहले शुरू हो चुका था। क्या नितिन नबीन को इतनी सी भी जानकारी नहीं है कि झारखंड आंदोलन का इतिहास लगभग एक सदी पुराना है? इतना ही नहीं, इस राज्य के लिए जयपाल सिंह मुंडा, बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन, निर्मल महतो, विनोद भगत, जस्टिस एल.पी.एन. शाहदेव, पद्मश्री डॉ.रामदयाल मुंडा सहित लाखों आदिवासी मूलवासी लोगों ने एक लंबा संघर्ष किया है। अनेक लोगों ने जेल यात्राएं कीं, आंदोलन किए और अपना व्यक्तिगत भविष्य तक दांव पर लगा दिया। ऐसे में, यह कहना कि "झारखंड हमने बनाया" उस लंबे जनसंघर्ष को किसी ऐसे राजनीतिक दल की उपलब्धि तक सीमित कर देना न्यायोचित नहीं है जो खुद सरकार में सिर्फ एक भागीदार था। दूसरा प्रश्न "हम ही संवारेंगे" वाले हिस्से को लेकर है। लोकतंत्र में किसी राज्य का विकास किसी एक दल का विशेषाधिकार नहीं होता। यदि कोई सरकार अच्छा काम करती है तो जनता उसे अवसर देती है और यदि वह असफल होती है तो जनता उसे बदल भी देती है। इस पैमाने पर भाजपा कहां खड़ी है यह कोई छुपा हुआ विषय नहीं है। संदर्भवश झारखंड ने पिछले 25 वर्षों में भाजपा, झामुमो, कांग्रेस गठबंधन के तमाम राजनीतिक प्रयोगों को देखा है और इस तरह से देखें तो आज राज्य की उपलब्धियां और विफलताएं सभी दलों की साझा राजनीतिक विरासत बनकर सामने है। ऐसे में, यह दावा कि केवल एक दल ही इस राज्य को संवार सकता है, लोकतांत्रिक बहुलता की भावना से मेल नहीं खाता। विडंबना यह भी है कि झारखंड का अधिकांश शासनकाल भाजपा या भाजपा समर्थित सरकारों के पास रहा है। यदि यह राज्य आज भी बेरोजगारी, पलायन, खनिज संपदा की लूट, शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियों से जूझ रहा है तो फिर अधिकांश समय तक शासन के बावजूद केवल श्रेय लेने की राजनीति को कैसे उचित ठहराया जा सकता है? सवाल यह भी कि यदि राज्य की उपलब्धियों का श्रेय भाजपा को मिलना चाहिए तो क्या केवल इस एक बात के लिए उसे कमियों की जिम्मेदारी से उसे मुक्त कर दिया जाए? और हाँ, एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी राजनैतिक संगठन को इस बात की छुट कैसे दी जा सकती है कि वह स्वयं को इतिहास से बड़ा साबित करने का प्रयास करने में जुट जाए? जाने अनजाने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने झारखंड दौरे में कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है जबकि व्यवस्था, राज्य, समाज और लोकतंत्र किसी दल विशेष की देन नहीं होते। वैसे भी जब देश में एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है तो इसका मतलब यह भी है कि झारखंड न भाजपा का है, न झामुमो का, न कांग्रेस का। सच कहें तो यह उन किसानों, मजदूरों, छात्रों, व्यापारियों , नौकरी पेशा लोगों व आंदोलनकारियों का प्रांत है जिन्होंने अलग राज्य का सपना देखा था। ऐसे में, किसी भी दल को यह अधिकार नहीं है कि वह उस सामूहिक संघर्ष को अपनी निजी राजनीतिक संपत्ति घोषित करने में लग जाए। ऐसा भी तब जबकि कहीं मृत व्यक्ति को, तो कहीं भ्रष्टाचार के आरोपी को अहम् दायित्व देने का कारनामा कर दिखाने वाले इस संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व से अभी भी "झारखंड को हमने बनाया है, इसे हम ही संवारेंगे" के बजाय "जनता ने झारखंड को बनाया है और इसी जनता के सहयोग इसे संवारने का संकल्प लेकर भाजपा सामने है" जैसे किसी वक्तव्य की अपेक्षा की जा जा रही थी। संगठन में एक पूर्णकालिक संगठन मंत्री होने के बावजूद यदि दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखंडी मिजाज, लोकतंत्र के प्रति इस प्रदेश की मौलिक सोच और इतिहास के प्रति इसकी ईमानदारी की नहीं बातें नहीं जा सकी तो इससे अंततः यही संदेश सामने आया कि इस दल के अंदरखाने कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

बने घूमते हैं कई, नये बड़े किरदार।
बिन पाग के घूमता हो जैसे सरदार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र और सीबीएसई को जारी किया नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम (ओएसएम) में हुई गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून 2026 को तय की है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कदम उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में आई तकनीकी खामियों और गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्रों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्रों की आंसर स्क्रिप्ट गायब बताई जा रही हैं, कुछ धुंधली हैं, तो कुछ की गलत तरीके से जांच की गई है।याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में बार-बार आने वाली समस्याएं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। कई अभिभावकों और छात्रों ने शिकायत की है कि अंकों में बेतरतीबी, स्क्रिप्ट लापता होना और गलत मूल्यांकन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। एनएसयूआई ने सीबीएसई पर आरोप लगाया कि बोर्ड इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ रहा है लेकिन इसके साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और बैकअप प्लान भी जरूरी है। याचिका में मांग की गई है कि सीबीएसई को तुरंत एक शिकायत निवारण तंत्र विकसित करना चाहिए ताकि छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।



सीबीएसई मूल्यांकन गड़बड़ी

### प्रभावित छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने की अपील

एनएसयूआई ने याचिका में मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई सभी गड़बड़ियों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय, प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। याचिका में सीबीएसई को उन सभी छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने का भी निर्देश देने की अपील की गई है जिनकी उत्तर पुस्तिकाएं प्रभावित हुई हैं।

# 12 साल में बदला भारत, केंद्र में रहा गरीब और वंचित वर्ग : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि इस 12 साल में भारत ने अनेक परिवर्तन देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब, वंचित तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण रहा है। अंत्योदय की भावना से प्रेरित होकर सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो दशकों तक इससे वंचित रहे।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि जनधन खातों, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को सम्मानजनक जीवन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीबीटी और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से सरकारी सहायता सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इससे रिसाव में कमी आई है, कार्यकुशलता बढ़ी है और शासन व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

### जनकल्याण योजनाओं से विकसित भारत निर्माण की मजबूत नींव बने कल्याणकारी प्रयास



प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा अब मानव सशक्तीकरण के एक व्यापक अभियान में बदल गई है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा से लंबे समय तक दूर रहे लोगों को भी समान अवसर और सुविधाएं उपलब्ध हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है और यही प्रयास विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल से फरार टीएमसी नेता जहांगीर खान गिरफ्तार

## पुलिस ने नेपाल बॉर्डर से पकड़ा

**एजेंसी। कोलकाता**

पुलिस ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर के फाल्टा इलाके के इस तृणमूल नेता को पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया।



पुलिस के मुताबिक, उन्हें गिरफ्तार कर कोलकाता लाया जा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि जहांगीर नेपाल बॉर्डर के रास्ते बंगाल से भागने की कोशिश कर रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद एसटीएफ के अधिकारी वहां पहुंचे। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल के हारे हुए उम्मीदवार को भी गिरफ्तार किया गया। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 21 मई को दोबारा चुनाव हुआ था। जहांगीर ने चुनाव से 48 घंटे पहले चुनावी मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा था, "मेरा सपना एक 'सुनहरे फाल्टा' का था। हमारे मुख्यमंत्री (सुवेंदु अधिकारी) फाल्टा के विकास के लिए एक विशेष पैकेज दे रहे है। इसी वजह से मैंने 21 मई को हुए दोबारा चुनाव के मुकाबले से खुद को अलग कर लिया था।"हालांकि उन्होंने चुनाव से 48 घंटे पहले मुकाबले से नाम वापस ले लिया था, लेकिन ईवीएम पर तृणमूल के चुनाव चिह्न के बगल में जहांगीर का नाम मौजूद था। जब 24 मई को चुनाव के नतीजे घोषित हुए, तो पता चला कि भाजपा 1.09 लाख से अधिक वोटों से जीती। सीपीआई(एम) 40,000 से अधिक वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जहांगीर 7,783 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही वे लगभग गायब थे। वे न तो घर पर और न ही पार्टी कार्यालय में दिखाई दिए। जहांगीर के खिलाफ 2019 में एक मामला दर्ज किया गया था।

## दृष्टिपात

### श्रीनगर में ड्रग तस्करी से जुड़ी 4 करोड़ की संपत्तियां जब्त



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत श्रीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कथित ड्रग तस्करों की करीब चार करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 के प्रावधानों के तहत की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ड्रग तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत संगम पुलिस स्टेशन ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के अंतर्गत दर्ज एफआईआर संख्या 14/2026 की जांच के दौरान गुलाम अहमद डार की संपत्तियों को जब्त किया। जब्त की गई संपत्तियों का अनुमानित मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये बताया गया है। इन संपत्तियों में एक रिहायशी मकान, भूमि का एक हिस्सा और कई व्यावसायिक दुकानें शामिल हैं। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि इन संपत्तियों को नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध आय के माध्यम से हासिल किया गया था। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए संपत्तियों को जब्त कर लिया गया। एक अन्य मामले में पुलिस स्टेशन नवाहट्टा ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 09/2018 के संबंध में मोहम्मद शफी शेख की लगभग एक करोड़ रुपए मूल्य की रिहायशी संपत्ति को जब्त किया। मोहम्मद शफी शेख, स्वर्गीय मोहम्मद सुभान शेख के पुत्र हैं। पुलिस जांच में इस संपत्ति को भी मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति के रूप में चिन्हित किया गया था।

### आस्था स्थल पर शर्मनाक घटना, हर की पौड़ी में महिला से मारपीट का वीडियो वायरल



**हरिद्वार।** धर्मनगरी उत्तराखंड के पवित्र शहर हरिद्वार के विश्व प्रसिद्ध हर की पौड़ी क्षेत्र से सामने आया मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक युवक और महिला के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। मामले को लेकर आरोप है कि बहस के दौरान युवक ने महिला को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी और धक्का-मुक्की हुई। वीडियो में महिला पुलिस बुलाकर कार्रवाई कराने की बात कहती सुनाई दे रही है। महिला का आरोप है कि मारपीट करने वाला युवक खुद को गंगा सभा का कर्मचारी बता रहा था। पीड़ित महिला ने संबंधित युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि वह पिछले 15 दिनों से हरिद्वार में रहकर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान कर रही है। ऐसे में आस्था और श्रद्धा के सबसे बड़े केंद्रों में शुमार हर की पौड़ी से इस तरह की घटना सामने आना कई सवाल खड़े कर रहा है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस स्थल पर हुई मारपीट की घटना ने लोगों को भी चिंतित किया है। अब देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। वहीं, मामले को लेकर पीड़िता क्रांति गुप्ता ने सोमवार को आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि वह ग्रोथ सेंटर, बिजौली, थाना-बदलीनायक, जिला-झांसी, उत्तर प्रदेश से 15 मई को यहां आई थी।

### जब तक कांग्रेस नेतृत्व करेगी तब तक इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं : भारती

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व को संभालने में विफल रही है। उन्होंने दावा किया कि जब तक कांग्रेस नेतृत्व करेगी तब तक इंडिया गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने आईएएनएस से कहा, "भारतीय गठबंधन एक मिशन के लिए बनाया गया था। जिस तरह भाजपा ने एनडीए बनाया, उसी तरह हमने इंडिया गठबंधन बनाया था। लेकिन हर गठबंधन का एक धर्म होता है। धर्म यह है कि जो अंदर है, वही बाहर भी दिखना चाहिए। सार्वजनिक रूप से कहा गया था कि हम एक गठबंधन के रूप में लड़ेंगे और एक-दूसरे का समर्थन करेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे कांग्रेस भाजपा का साथ देती नजर आ रही थी।" सोमनाथ भारती ने आगे कहा, "लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में 4-3 का फार्मूला तय हुआ था। जो 3 सीटें कांग्रेस को मिलीं, उनके लिए अरविंद केजरीवाल ने खुलकर प्रचार किया। वहीं, जो 4 सीटें आम आदमी पार्टी को मिलीं, उनके लिए राहुल गांधी सहित कांग्रेस का कोई नेता वोट मांगने नहीं पहुंचा। ऐसे में यह कैसा गठबंधन है? दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान तो खुलकर बात सामने आ गई जब शून्य सीट जीतने के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी हार गई। इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि कांग्रेस को गठबंधन धर्म निभाना नहीं आता है?" सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि जब राहुल गांधी वोट चोरी की बात करते हैं तो दिल्ली को छोड़ देते हैं। जब तक इंडिया गंठबंधन का कांग्रेस नेतृत्व करेगी, तब तक इस गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। इसके पहले सोमनाथ भारती ने कहा था कि कांग्रेस का रवैया ऐसा है कि वह चाहती है कि राजनीति केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीमित रह जाए और अन्य दल खत्म हो जाएं, ताकि भविष्य में दोनों के बीच बारी-बारी से सत्ता चलती रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ व्यवहार किया, उसी तरह पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के साथ भी किया।

# मल्लिकार्जुन खड़गे की मांग आर्थिक स्थिति बेरोजगारी, महंगाई से जुड़े मुद्दों पर हो चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत अन्य दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि बैठक अच्छी रही है और पांच मुद्दों पर सहमति बनी है, जिस पर मजबूती के साथ काम करना है। खड़गे ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया ब्लॉक गठबंधन की बैठक में 25 राजनीतिक दल शामिल हुए। इस बैठक के बाद हम लोगों ने पांच बिंदुओं पर सहमति जताई है। इन मुद्दों पर हम आगे भी बैठक करेंगे, काम करेंगे, लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि यह तय हुआ है कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां हर दो महीने में बैठक करेंगी। अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी। खड़गे ने कहा कि शिवसेना(यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी वर्चुअल तरीके से बैठक में शामिल हुए और अपनी राय रखी। वे भी इन सभी मुद्दों पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मौजूदा आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दों और लोगों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

### नीट-सीबीएसई विवाद पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

खड़गे ने मीडिया के सामने बैठक में जिन पांच मुद्दों पर सहमति बनी, उसे पढ़कर सुनाया। इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने पांच बिंदुओं पर अपनी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि हम इन मुद्दों पर डटकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ये सहमति बनी कि एसआईआर और मतदाता सूची में हेरफेर तथा चुनाव की निष्पक्षता के संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा। लाखों छात्रों को प्रभावित करने वाले अनेक गंभीर मुद्दों की स्थिति को देखते हुए ये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षा मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके कार्यकाल में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है। नतीजा है कि आज लाखों युवा सड़कों पर खड़े हैं।वर्तमान में बढ़ती गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, अत्याचार और किसानों के मुद्दों को हम उठाते रहेंगे।

# सुखेंदु शेखर ने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही राज्यसभा से भी दिया इस्तीफा

**एजेंसी। कोलकाता**



विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है। अब टीएमसी को एक और बड़ा झटका लगा है। सुखेंदु शेखर ने टीएमसी की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ राज्यसभा से भी इस्तीफा दे दिया है। सुखेंदु शेखर की ओर से बयान जारी कर कहा, "हाल ही में हुए चुनावों में बंगाल के मतदाताओं ने 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर पूर्ण अविश्वास व्यक्त किया। मतदाताओं ने पार्टी के व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर हो रहे घोर दमन और शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में फैली घोर विफलता और अराजकता को नकार दिया।"

सुखेंदु शेखर ने आगे कहा, "जनता ने बंगाल के इतिहास में पहली बार भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाया है। नव निर्वाचित जन सरकार ने अपने घोषित चुनावी घोषणापत्र के अनुसार बंगाल के समग्र विकास और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों को लागू करने का कार्य शुरू कर दिया है। जनता के इस ऐतिहासिक फैसले को स्वीकार करते हुए, मैं तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इसके पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य सचिव मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। आईएएनएस से बातचीत के दौरान अजमल सिद्दीकी ने कहा, "इस्तीफा देने के बाद मैं बहुत स्वतंत्र महसूस कर रहा हूं। अब मैं काफी हल्का और आराम महसूस कर रहा हूं।"

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए काम करने की कोई वास्तविक गुंजाइश नहीं है। उनके अनुसार, "यहां अल्पसंख्यकों के लिए कोई काम करने नहीं दिया जाता। उनके लिए कोई ठोस काम भी नहीं होता, सिर्फ लॉलीपॉप दिया जाता है। यही वजह है कि मैं इस पद पर नहीं रहना चाहता था।" अजमल सिद्दीकी ने कहा, "लोगों को धमकाया गया और उनका इस्तेमाल किया गया, लेकिन मुझे सुवेंदु अधिकारी से उम्मीद है कि वह हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों को साथ लेकर चलेंगे और बंगाल को सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे।"अजमल सिद्दीकी ने दावा किया कि वर्ष 2015-16 में उन पर टीएमसी में शामिल होने का दबाव बनाया गया था। उन्होंने कहा, "हम व्यवसाय कर रहे थे। अभिषेक बनर्जी की ओर से बिनॉय मिश्रा ने हमसे पैसे मांगे। हमने पैसे नहीं दिए तो हमारे खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर दिया गया। इसके बाद हमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से जमानत लेनी पड़ी थी।

### 20+ सांसदों का अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र, बनेगी नई पार्टी ?



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 से अधिक सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पार्टी के भीतर चल रही कलह की अटकलों को और तेज कर दिया है। खबरों के मुताबिक, ये सांसद एक अलग गुट या यहां तक कि एक नया राजनीतिक दल बनाने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि इसके लिए पर्याप्त संख्या में सांसद मौजूद हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि लोकसभा में टीएमसी का एक अलग ब्लॉक जल्द ही बन सकता है, हालांकि अंतिम निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

**सुखेंदु रॉय के इस्तीफे से राजनीतिक हलचल मच गई**

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को लिखे अपने इस्तीफे पत्र में सुखेंदु शेखर रॉय ने पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उस पर "व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर घोर अत्याचार और शासन में पूर्ण विफलता" का आरोप लगाया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, रोजगार और कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया।

**ममता बनर्जी के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं**



राजनीतिक उथल-पुथल ऐसे समय में सामने आई है जब पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पार्टी के भीतर असहमति के संकेतों को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा है। वरिष्ठ टीएमसी नेता सुखेन्दु शेखर रॉय के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके चलते नई दिल्ली में बैठकों और राजनीतिक गठबंधनों की एक श्रृंखला शुरू हुई, जो अब एक बड़े विवाद में तब्दील हो गई है। सांसदों ने सबसे पहले सुखेन्दु रॉय से मुलाकात की, उसके बाद दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठकें हुईं।सूत्रों के अनुसार, लगभग 13 टीएमसी लोकसभा सांसदों ने सबसे पहले दिल्ली में सुखेन्दु शेखर रॉय से मुलाकात की, जिससे पार्टी के भीतर संभावित पुनर्गठन की अटकलें तुरंत तेज हो गईं। इसके तुरंत बाद, सांसदों के इसी समूह ने कथित तौर पर केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र यादव से मुलाकात की।

# विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत



**एजेंसी। विशाखापट्टनम**

- 1600°C पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600C तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया।हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (RINL) के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई।

**बातचीत** मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार से शुरू होगी ब्रिक्स देशों की बैठक

# 20 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

- पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़े मुद्दों पर मंथन

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार, 09 जून से ब्रिक्स देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप एवं कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो रही है। आगामी 13 जून तक चलने वाली इस बैठक में 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए आयोजन को लेकर विस्तृत रुपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 से 11 जून तक कृषि कार्य समूह की बैठकें होंगी और इसके बाद 12 से 13 जून को मुख्य कृषि मंत्रियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान खाद्य हानि को कम करने, पशुपालन, मत्स्य पालन और किसानों के अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीर मंथन होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि ब्रिक्स की शुरुआत 2006 में हुई थी और आज 11 सदस्य देशों व 10 साझेदार देशों के साथ यह विश्व के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक बन गया है। भारत की अध्यक्षता में अब तक ब्रिक्स कृषि कार्य समूह की लगभग आठ बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में खाद्य सुरक्षा, मत्स्य पालन, पशुपालन सहित कृषि से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के लिए यह अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि इंदौर में ब्रिक्स देशों के एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप एवं कृषि मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हो रही है। इस बार यह सम्मेलन इसलिए भी खास है, क्योंकि पहली बार ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की यह बैठक मंत्री स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें सदस्य और साझेदार देशों सहित लगभग 20 देशों के प्रतिनिधि शामिल होने जा रहे हैं।



### जलवायु चुनौतियों से निपटने को नवाचार पर फोकस

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि इस वर्ष के आयोजन में छोटे और सीमांत किसान हमारी हर नीति और सहयोग के केंद्र में रहेंगे। कृषि विकास का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब किसानों की आय बढ़ेगी और उनकी आजीविका सुरक्षित होगी। इस बार मुख्य रूप से चार विषयों- खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं आजीविका; कृषि व्यापार एवं सहयोग; जलवायु अनुकूलन एवं सतत कृषि; तथा कृषि एवं खाद्य प्रणालियों में नवाचार व साझेदारी को सशक्त बनाने पर विशेष काम किया जा रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती पर बात करते हुए कहा कि पुनर्योजी कृषि, सतत पद्धतियों और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी आधुनिक तकनीकों को छोटे किसानों तक पहुँचाने के साथ ही कृषि के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए महिलाओं और युवाओं के नेतृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में 12 जून को "लघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा" विषय पर एक विशेष मंत्री स्तरीय संवाद भी होगा।




# चेतावनी : युद्ध में बेकाबू हुआ ईरान इजरायल पर कर दिया भयंकर हमला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बेरुत और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है।

बेरुत और लेबनान पर हुए हमलों के जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए अब तक के सबसे बड़े मिसाइल हमलों में से एक के बाद सोमवार को मध्य पूर्व में स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। इन हमलों से मध्य पूर्व में 28 फरवरी को शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के मध्यस्थता प्रयासों में और अधिक जटिलता आने की आशंका है। इस संघर्ष में ईरान के अधिकांश शीर्ष नेता, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल हैं, मारे गए थे। इजरायली सेना के अनुसार, कम से कम तीन हमलों में दागी गई मिसाइलों को इजरायली सेना ने रोक दिया। तेल अवीव ने कहा है कि तेहरान ने गंभीर गलती की है और हमलों का कठोर जवाब देने की कसम खाई है, लेकिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से जवाबी कार्रवाई न करने का अनुरोध किया है। इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगाकर हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में तनाव बढ़ा दिया है। दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों में से एक पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बढ़ाते हुए, यमन के ईरान समर्थित हौथी आंदोलन ने सोमवार को घोषणा की कि उसने इज़राइल की ओर एक मिसाइल दागी है और लाल सागर में इज़राइल से जुड़े जहाजों पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम संभावित तनाव बढ़ने का संकेत है जिससे इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से होकर गुजरने वाले वाणिज्यिक यातायात में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

### ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों\ को बड़े पैमाने पर हमले में ध्वस्त कर दिया गया

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की है कि उन्होंने ईरान के रणनीतिक वायु रक्षा प्रणालियों पर एक बड़ा हमला किया है। आईडीएफ के अनुसार, इन प्रणालियों को हाल ही में ईरान भर में तैनात किया गया था ताकि "द रोरिंग लायन" ऑपरेशन के दौरान कमजोर हुई सैन्य क्षमताओं को बहाल किया जा सके।

## भारतीय दूतावास ने भारतीयों को तुरंत ईरान छोड़ने की दी सलाह



**नई दिल्ली ।** क्या भारतीय दूतावास की चेतावनी ईरान और अमेरिका के बीच फिर से युद्ध छिड़ने का संकेत है? देखा जाये तो पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात और ईरान, इजराइल तथा अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने इस सवाल को बेहद गंभीर बना दिया है। हम आपको बता दें कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक बार फिर भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा नहीं करने और वहां मौजूद लोगों को उपलब्ध साधनों से जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है। यह सलाह ऐसे समय में आई है जब ईरान और इजराइल के बीच संघर्षविराम टूटने के संकेत मिल रहे हैं और पूरे क्षेत्र में फिर से व्यापक युद्ध की आशंका गहरा रही है।

भारतीय दूतावास ने अपनी ताजा चेतावनी में कहा है कि क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए भारतीय नागरिक अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। दूतावास ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी भारतीय नागरिक ईरान की यात्रा से बचें और जो लोग अभी ईरान में हैं वह उपलब्ध परिवहन साधनों से तुरंत बाहर निकलने का प्रयास करें। यह सलाह छात्रों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों सहित सभी भारतीयों पर लागू है।

### नितिन गडकरी की बड़ी घोषणा

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को बचाने वाले 'रहवीरों' को मिलेगा 25,000 का इनाम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 8 जून को भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से दो नई पहलों की घोषणा की, जिनमें आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले पहुंचने वाले नागरिकों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन भी शामिल है। इन उपायों के बारे में बताते हुए गडकरी ने कहा कि हमने दो योजनाएं शुरू की



हैं। एम्स के एक डॉक्टर की अध्यक्षता वाली एक समिति ने रिपोर्ट दी है कि हमारे देश में प्रतिवर्ष 180,000 मौतें और 500,000 दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटना पीड़ितों में से 30% को अगर तुरंत अस्पताल ले जाया जाए तो बचाया जा सकता है।

## बिहार फिल्म नीति से कलाकारों को रोजगार मंत्री बोले- 4 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी

**एजेंसी । पटना**

आज कला एवं संस्कृति विभाग के माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार से फिल्म अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने पटना स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर बिहार में फिल्म निर्माण की संभावनाओं, कला एवं संस्कृति के संवर्धन तथा स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह को उनकी हाल ही में मोतिहारी में पूर्ण हुई हिन्दी फिल्म सरकारी मीडियम



के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा राज्य में फिल्म उद्योग के विकास हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत बिहार में फिल्म की शूटिंग करने पर निर्माता को 4 करोड़ तक की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया।

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, इमारतें गिरीं, 32 की मौत 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए

**एजेंसी । मनीला**

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था।

यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया



और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।

**सैंटोर शहर में सबसे ज्यादा नुकसान :** 7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं।

## दलाई लामा के बाएं घुटने का सफल ऑपरेशन, चिकित्सक बोले-'रिकवरी अच्छी'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा की बाएं घुटने की सर्जरी सफल रही है। उनके निजी चिकित्सकों ने सोमवार को हेल्थ बुलेटिन जारी किया। दलाई लामा के बाएं घुटने का प्रत्यारोपण नई दिल्ली स्थित निजी अस्पताल में कराया गया। दलाई लामा के निजी चिकित्सकों डॉ. त्सेतन डी. सदुतशांग, डॉ. तमदिन त्सेवांग, डॉ. त्सेरिंग ल्हाडोन और डॉ. तेनजिन सुंदू के साथ-साथ उनके सचिव टेनजिन एन. ताकला ने अपोलो अस्पताल में सफल प्रत्यारोपण सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी। बयान के अनुसार, सर्जरी के बाद दलाई लामा को स्थिर स्थिति में अस्पताल के



कमरे में वापस लाया गया। उनकी रिकवरी अच्छी हो रही है और उनका मनोबल भी अच्छा है। जून 2024 में भी उन्होंने न्यूयॉर्क सिटी के हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी में दाएं घुटने का सफल प्रत्यारोपण कराया था, जिसके बाद उनकी रिकवरी अच्छी रही थी। चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के बाद उनकी स्थिति स्थिर है और स्वास्थ्य में सुधार जारी है।

## रेस्क्यू : होर्मुज संकट के बीच भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है।



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है।




**प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में गूंजा भारत का योग वैभव**

## सहभागिता : प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में योगाचार्य महेश पाल हुए विशेष रूप से शामिल

**एजेंसी । अहमदाबाद (गुजरात)**

भारत की योग परंपरा को वैश्विक मंच प्रदान करने वाली प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का भव्य आयोजन अहमदाबाद में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में विश्व के 75 से अधिक देशों के योगासन खिलाड़ी, कोच, निर्णायक एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं।चैंपियनशिप का शुभारंभ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से किया। उद्घाटन समारोह में योगगुरु स्वामी रामदेव महाराज, विश्व योगासन महासंघ की अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, खेल मंत्री मनसुख मांडवीया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उदित सेठ, संजय मालपानी, उमंग डांग एमपीबायएसए ओर योगासन भारत के जॉइंट सेक्रेटरी वेदप्रकाश शर्मा सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय योगासन



निर्णायक योगाचार्य महेश पाल भी विशेष रूप से प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। यह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता 12 विभिन्न स्पर्धाओं में आयोजित की जा रही है, जिनमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, आर्टिस्टिक पेयर, आर्टिस्टिक ग्रुप, ट्रेडिशनल ग्रुप, इंडिविजुअल स्पर्धाएं एवं अन्य प्रतियोगिताएं शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य योगासन को वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करना तथा विश्वभर के खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान करना है।

योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि योगासन खेल विश्वभर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और आने वाले समय में इसके ओलंपिक खेलों में शामिल होने की संभावनाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि यदि योगासन को ओलंपिक में स्थान मिलता है तो भारत के खिलाड़ियों के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर होगा। भारतीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और योग कौशल के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिकाधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भारत टीम की कप्तान डॉक्टर आरती पाल को बनाया गया है, उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अनुशासन और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। विश्व योगासन चैंपियनशिप जैसे आयोजन योग को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का यह आयोजन भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी), रांची के मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के वित्तीय सहयोग से संचालित परियोजना "झारखंड में ग्रामीण (जनजातीय) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (सीएचडब्ल्यू) के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन" के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को सीआईपी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान, समय पर हस्तक्षेप और आत्महत्या की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रभात कुमार (सिविल सर्जन, रांची), डॉ. राजीव कुमार (संयोजक, राज्य आयुष सलाहकार समिति), प्रो. अमूल रंजन सिंह (पूर्व निदेशक, रिनपास), डॉ. लाल मांझी (नोडल पदाधिकारी, एनएचएम) तथा डॉ. संतना (राज्य सलाहकार, एनएचएम) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईपी के प्रभारी निदेशक डॉ एके सुधांशु ने की। इस अवसर पर प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सूर्यवंशी, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशांत श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ मनोरोग सामाजिक कल्याण पदाधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। अपने संबोधनों में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, आत्महत्या जोखिम की समय पर पहचान करने तथा समुदाय आधारित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे।

## पेज एक के शेष

### धरती आबा बिरसा...

में वैचारिक जागृति पैदा करने पर विचार किया। बिरसा ने भारतीय धर्मग्रंथों और दर्शन, अध्ययन के अलावा आयुर्वेदिक ज्ञान भी हासिल किया था। वे दिन-रात वनों में घूमकर जड़ी-बूटियां इकट्ठी करते, उनकी औषधियों को लेकर खोज करते और जरूरत पड़ने पर प्रयोग भी करते थे। कहते हैं कि बिरसा मुंडा ने आश्चर्यजनिक बुद्धि कौशल और मेहनत से औषधि विज्ञान में प्रगति की। वे बड़ी से बड़ी और पुरानी बीमारियों का इलाज करने की क्षमता प्राप्त कर चुके थे।

यह कहा जाता है कि वर्ष 1895 में कुछ ऐसी अलौकिक घटनाएं घटीं, जिनके कारण लोग बिरसा मुंडा को भगवान का अवतार मानने लगे। बिरसा ने शोषित और पीड़ित आदिवासियों में ज्ञान और शक्ति की ज्योति जगाई। देश की आजादी के लिए घने जंगलों और बीहड़ों में आंदोलन चलाने वाले लोगों में बिरसा मुंडा अग्रणी रहे। आपसी फूट, गरीबी और जन संगठन का अभाव लोगों में था। इन हालातों को देखते हुए बिरसा मुंडा ने उरांव, मुंडा और खड़िया आदिवासियों के मुखियाओं से मिलने का सिलसिला शुरू किया था। वनवासियों के बीच अंग्रेजों के विरोध में सशस्त्र क्रांति की अलख जगाने के लिए बिरसा मुंडा ने बहुत बड़ा अभियान छेड़ा था। उन्होंने अपने साहस और संघर्ष से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और संघर्ष शुरू किया, जिसे 'उलगुलान' कहा जाता है। अंग्रेजी षड्यंत्रों को भलीभांति समझने वाले बिरसा मुंडा ने धार्मिक और राजनैतिक स्तर पर काम शुरू किया था। वर्ष 1898 में डोंबारी बुरु की पहाड़ियों पर एक विशाल सभा हुई। यहां ब्रिटिश पुलिस ने बिरसा मुंडा को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन गांव वालों की मदद से वह बच निकले। इसके बाद बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपने आंदोलन को रुकने नहीं दिया। फिर 24 दिसंबर 1899 को एक आंदोलन शुरू हुआ। तीरों से पुलिस थानों पर आक्रमण करके उनमें आग लगा दी गई। सेना से भी सीधी मुठभेड़ हुई, लेकिन तीर कमान गोलियों का सामना नहीं कर पाए। 9 जनवरी, 1900 को भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में डोंबारी बुरु पहाड़ी पर एकत्रित हजारों आदिवासियों पर ब्रिटिश सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हिंसक कार्रवाई में सैकड़ों लोग शहीद हुए, जिसके कारण इतिहास में यह घटना झारखंड का जलियांवाला बाग के नाम से दर्ज हुई। यह घटना तब हुई जब बिरसा मुंडा और उनके अनुयायी अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की रणनीति बना रहे थे। ब्रिटिश सेना ने इस सभा की सूचना पाकर पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया और अचानक हमला बोल दिया। इस भीषण गोलीकांड के दौरान बिरसा मुंडा और उनके साथियों ने वीरतापूर्वक संघर्ष किया। आखिर में, बिरसा मुंडा उस घेराव से किसी तरह बच निकलने में सफल रहे। हालांकि, बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 9 जून 1900 को जेल में उनकी मृत्यु हो गई।

### दो सीटों पर...

दूसरे सेट में अनुभव का पलड़ा भारी रखा गया है। प्रदीप यादव, डॉ रामेश्वर उरांव, राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, सुरेश बैठा, भूषण बाड़ा, नमन विक्सल कोंगाड़ा, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप और कुमार जयमंगल सिंह ने समर्थन दिया है। महागठबंधन की यह एकजुटता कांग्रेस के लिए बड़ी ताकत मानी जा रही है। वहीं, दो सीटों पर तीन दावेदारी को देखते हुए परिमल नाथवानी ने ऐसी चाल चली कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव का पूरा समीकरण ही पलट दिया। परिमल ने किसी खास पार्टी से अलग निर्दलीय पर्चा भरा। उनकी रणनीति तो तब चौंकाई जब वे नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उनके पहले सेट के प्रस्तावकों में बाबूलाल मरांडी खेमे के नेताओं के साथ नवीन जायसवाल, सत्येंद्र तिवारी, डॉ नीरा यादव, जर्नादन पासवान, सीपी सिंह, राज सिन्हा, निर्मल महतो और प्रकाश राम शामिल हैं। दूसरे सेट ने तो सारे समीकरण ही पलट दिए। चंपाई सोरेन और सरयू राय जैसे बड़े नाम उनके साथ खड़े हैं, और साथ में अमित यादव, नागेंद्र महतो, कुशवाहा शशि भूषण मेहता, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, पूर्णिमा साहू, देवेंद्र कुंवर और आलोक चौरसिया भी इस सूची में हैं। इस तरह दो सीटों के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। ज्ञात हो कि झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार (08 नवंबर) नामांकन का अंतिम दिन था।

### महागठबंधन ने दोहराया...

झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा, बहुत क्लियर कट है। हमारे प्रत्याशी बैद्यनाथ राम और प्रणव झा जी हैं। महागठबंधन के पास जीत के लिए पर्याप्त संख्या है। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि इंडिया अलायंस को कोई तोड़ नहीं सकता। इंडिया अलायंस के दोनों उम्मीदवारों को जीत हासिल होगी, यहां हॉर्स ट्रेडिंग नहीं चलेगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह नामांकन मात्र एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की अटूट एकजुटता, साझा विचारधारा और झारखंड की जनता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

**पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें : महुआ**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने चुनावी प्रक्रिया में पार्टी अनुशासन और ईमानदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के राजनीतिक इतिहास में ऐसे कई अवसर आए हैं, जब आंकड़े किसी उम्मीदवार के पक्ष में होने के बावजूद परिणाम अप्रत्याशित रहे हैं। महुआ माजी ने पिछले राज्यसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जेएमएम ने बसंत सोरेन को उम्मीदवार बनाया था और उनकी जीत की पूरी संभावना मानी जा रही थी, लेकिन अंततः महेश पोद्दार विजयी रहे, जबकि उनके पास आंकड़े नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं राज्य की राजनीति में पहले भी देखी गई हैं। इसलिए इस बार सभी दलों और विधायकों को गठबंधन तथा पार्टी नेतृत्व के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। महुआ माजी ने कहा कि इंडिया गठबंधन और उससे जुड़े दलों द्वारा जो भी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, उनका पालन सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि चाहे जेएमएम हो या कांग्रेस, पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को नेतृत्व के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। यदि कोई सदस्य पार्टी लाइन से हटकर कार्य करता है, तो उसे राजनीतिक भाषा में 'हॉर्स ट्रेडिंग' कहा जाता है।

**मेरा काम लेगों ने देखा है, मेरी जीत तय : नथवानी**

झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए हो रहे द्विवार्षिक चुनाव में उद्योगपति परिमल नथवानी मैदान में उतर आए हैं। नथवानी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उतरे हैं, लेकिन उन्हें एनडीए के विधायकों का समर्थन प्राप्त है। सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करने के पहले पहले उन्होंने भाजपा और सहयोगी दलों के विधायकों से मुलाकात की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि उनकी जीत सुनिश्चित है। नथवानी सोमवार की सुबह राजधानी रांची में हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल के आवास पहुंचे, जहां भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के विधायकों के साथ उनकी बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा चुनाव की रणनीति और समर्थन को लेकर चर्चा हुई। नथवानी ने कहा कि वह संख्या बल की चर्चा नहीं करना चाहते, लेकिन उन्हें अपनी जीत का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, मैं पुराना झारखंडी हूं और झारखंड के लोगों ने मेरा काम देखा है। मुझे विश्वास है कि मैं चुनाव जीतूंगा और एक बार फिर राज्य के हितों के लिए काम करने का अवसर मिलेगा। नथवानी इससे पहले भी झारखंड से दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के विकास के लिए कई काम किए थे। उन्होंने विश्वास जताया कि विधायक उनके पिछले कार्यों को ध्यान में रखते हुए समर्थन देंगे। इस अवसर पर भाजपा विधायक दल के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने परिस्थितियों को देखते हुए परिमल नथवानी को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास राज्यसभा सीट जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं था, इसलिए व्यापक रणनीति के तहत नथवानी का समर्थन किया गया है। मरांडी ने कहा कि नथवानी एक 'टेस्टेड' व्यक्ति हैं और झारखंड उन्हें पहले भी राज्यसभा सदस्य के रूप में देख चुका है।

### गर्भवती महिला की...

अनिल कुमार और सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह की संयुक्त जांच टीम गठित की गई। टीम ने रविवार देर शाम अस्पताल पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान अस्पताल के चिकित्सक और कर्मी अनुपस्थित मिले। अस्पताल भवन के मकान मालिक ने जांच टीम को बताया कि भवन विकास यादव और अन्य लोगों को अस्पताल संचालन के लिए किराये पर दिया गया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती एक मरीज राहुल भुईंया (निवासी कसारी, सिमरिया) मिला, जिसे तत्काल एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया। इसके बाद जांच टीम ने अस्पताल के वार्ड, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर तथा मुख्य प्रवेश द्वार को सील कर दिया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में उपचार में लापरवाही के संकेत मिले हैं। इसी आधार पर अस्पताल को सील किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

डी0एम0एफ0टी0 मद से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेद को से एकल लिफाफा / द्वि (Two) लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सूचना संख्या :–RDD/SD/CHATRA/12/2026-27/RE_01**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यपूर्णकरने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | चतरा | आरा | असानी कला | Construction of 03 (Three) A.C.R Building at U.M.S, Asani Kala. | 3849800 | 77000 | 5000 | 03 माह | एकल |
| 12 | लावालौंग | कटिया | टुनगुन | Construction of Boundary Wall at Govt. Secondary School, Tungun. | 2864500 | 57500 | 5000 | 03 माह | एकल |
| 13 | लावालौंग | लावालौंग | लावालौंग | Construction of Boundary Wall at Model School, Lawalong. | 4173800 | 83500 | 5000 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–**13.06.2026**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक–**13.06.2026** से दिनांक–**21.06.2026** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –**22.06.2026** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०–9431060939(संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

**PR 381774 Rural Development(26-27).D**


# रास चुनाव में भाजपा को अपने नेताओं पर नहीं रहा भरोसा : राकेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा का यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय "थैलीशाही" और धनबल की राजनीति को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा का यह कदम इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि उसे अब अपने ही नेताओं, कार्यकर्ताओं और संगठन पर भरोसा नहीं रह गया है। जिस पार्टी के पास देश और राज्य में बड़ा संगठन होने का दावा है, वह यदि राज्यसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार खड़ा करने के बजाय एक निर्दलीय उम्मीदवार के पीछे खड़ी होती है, तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति की बात करती है, लेकिन व्यवहार में वह धनबल और प्रभावशाली व्यक्तियों के सहारे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है।


## समाहरणालय, लातेहार

### (भू–अर्जन शाखा) समाहर्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन) संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–रांकीकला थाना–मनिका थाना संख्या–119 अंचल–मनिका जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–तुम्बागढा (**NH-75**) से केड़ (**SH-09**) पथ (लम्बाई–11.00 कि0मी0) निर्माण हेतु अपेक्षित है पथ निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–रांकीकला थाना–मनिका थाना संख्या–119 अंचल–मनिका जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**2.700** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रांकी कला | 58 | 50 | रैयती | टाड़ दो आम बाग | 1.95 | 0.310 | जगदीश तिवारी वागेश्वर तिवारी पिता देवनन्दन तिवारी | जगदीश तिवारी वागेश्वर तिवारी पिता देवनन्दन तिवारी | 48 | 508 | सड़क | 50 अंश |
| 2 | रांकी कला | 80 | 507 | रैयती | टाड़ दो | 1.68 | 0.150 | धनंजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | धनंजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 506 | 508 | 507 | सड़क |
| 3 | रांकी कला | 225 | 506 | रैयती | टाड़ दो | 0.97 | 0.060 | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | 505 | 507 | 506 | सड़क |
| 4 | रांकी कला | 225 | 328 | रैयती | टाड़ दो | 0.70 | 0.050 | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | सड़क | 328 अंश | 330 | 327 |
| 5 | रांकी कला | 225 | 301 | रैयती | टाड़ दो | 0.48 | 0.070 | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | हरिवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | 301 अंश | सड़क | 271 | 302 |
| 6 | रांकी कला | 225 | 504 | रैयती | टाड़ दो | 2.25 | 0.070 | हरीवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | हरीवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | 500 | 505 | सड़क | 504 अंश |
| 7 | रांकी कला | 225 | 333 | रैयती | टाड़ दो | 0.12 | 0.030 | हरीवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | हरीवंश तिवारी पिता रामदीन तिवारी | 334 | 332 | सड़क | 333 अंश |
| 8 | रांकी कला | 57 | 503 | रैयती | टाड़ दो | 1.33 | 0.080 | जगदीश तिवारी पिता देवनन्दन तिवारी | जगदीश तिवारी पिता देवनन्दन तिवारी | 500 | 504 | सड़क | 503 अंश |
| 9 | रांकी कला | 108 | 500 | रैयती | टाड़ दो | 2.80 | 0.100 | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | 323 | 503 | सड़क | 500 अंश |
| 10 | रांकी कला | 108 | 48 | रैयती | पुरानी परती | 0.95 | 0.030 | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | 55 | 50 | सड़क | 48 अंश |
| 11 | रांकी कला | 108 | 330 | रैयती | टाड़ दो | 0.40 | 0.020 | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | सड़क | 330 अंश | 331 | 328 |
| 12 | रांकी कला | 108 | 243 | रैयती | टाड़ दो | 0.10 | 0.020 | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | वागेश्वर तिवारी पिता देवानन्दन तिवारी | 244 | 235 | 243 अंश | सड़क |
| 13 | रांकी कला | 180 | 323 | रैयती | टाड़ दो | 2.60 | 0.050 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 322 | 500 | 323 अंश | सड़क |
| 14 | रांकी कला | 180 | 237 | रैयती | धान दो | 0.41 | 0.035 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 237 अंश | 236 | 235 |
| 15 | रांकी कला | 180 | 248 | रैयती | मकान | 0.02 | 0.015 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 238 | 247 | 248 अंश | सड़क |
| 16 | रांकी कला | 180 | 249 | रैयती | टाड़ दो | 0.15 | 0.060 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 248 | 249 अंश | सड़क |
| 17 | रांकी कला | 180 | 308 | रैयती | टाड़ दो | 2.38 | 0.120 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 307 | 312 | सड़क | 308 अंश |
| 18 | रांकी कला | 180 | 315 | रैयती | टाड़ दो | 0.78 | 0.050 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 314 | 316 | 315 अंश | सड़क |
| 19 | रांकी कला | 180 | 316 | रैयती | टाड़ दो | 0.86 | 0.040 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 317 | 316 अंश | 315 | सड़क |
| 20 | रांकी कला | 180 | 331 | रैयती | टाड़ दो | 0.45 | 0.020 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 331 अंश | 332 | 330 |
| 21 | रांकी कला | 180 | 332 | रैयती | टाड़ दो | 0.88 | 0.075 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 332 अंश | 333 | 331 |
| 22 | रांकी कला | 180 | 238 | रैयती | धान दो | 0.79 | 0.020 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 238 अंश | 237 | 239 |
| 23 | रांकी कला | 180 | 304 | रैयती | टाड़ दो | 0.09 | 0.030 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | 304 अंश | सड़क | 302 | 291 |
| 24 | रांकी कला | 180 | 1375 | रैयती | धान दो | 0.90 | 0.110 | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | रामलखन तिवारी विजय कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सिवाना | 1375 अंश | 1383 | 1373 |
| 25 | रांकी कला | 132 | 271 | रैयती | परती एक साल | 0.34 | 0.055 | भोलानाथ पाण्डेय पिता शिवशंकर पाण्डे, विश्वनाथ पांडे पिता रामउग्रीन पांडे | भोलानाथ पाण्डेय पिता शिवशंकर पाण्डे, विश्वनाथ पांडे एवं रघुनाथ पांडे | 271 अंश | सड़क | 267 | 301 |
| 26 | रांकी कला | 82 | 267 | रैयती | टाड़ दो | 0.31 | 0.050 | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | 267 अंश | सड़क | 266 | 271 |
| 27 | रांकी कला | 82 | 261 | रैयती | टाड़ दो | 0.24 | 0.030 | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | 251 | 263 | सड़क | 261 अंश |
| 28 | रांकी कला | 82 | 263 | रैयती | टाड़ दो | 0.09 | 0.010 | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | 261 | 265 | सड़क | 263 अंश |
| 29 | रांकी कला | 82 | 265 | रैयती | मकानमय सहन | 0.13 | 0.015 | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | 263 | 266 | सड़क | 265 अंश |
| 30 | रांकी कला | 82 | 251 | रैयती | टाड़ दो | 0.39 | 0.050 | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | धनेश्वर शुकला पिता लालजी शुकला | सड़क | 261 | सड़क | 251 अंश |
| 31 | रांकी कला | 162 | 1383 | रैयती | धान दो | 0.46 | 0.075 | रामकिसुन हजाम पिता वेजु हजाम वेलास हजाम, जुगनु हजाम पिता जयश्री हजाम | रामकिसुन हजाम पिता वेजु हजाम वेलास हजाम, जुगनु हजाम पिता जयश्री हजाम | सिवाना | 1382 | 1383 | सड़क |
| 32 | रांकी कला | 94 | 52 | रैयती | टाड़ दो | 1.28 | 0.080 | प्रदीप कुमार तिवारी पिता लोकनाथ तिवारी | प्रदीप कुमार तिवारी पिता लोकनाथ तिवारी | 67 | 53 | सड़क | 52 अंश |
| 33 | रांकी कला | 94 | 54 | रैयती | टाड़ दो | 0.09 | 0.065 | प्रदीप कुमार तिवारी पिता लोकनाथ तिवारी | प्रदीप कुमार तिवारी पिता लोकनाथ तिवारी | 53 | 55 | सड़क | 54 अंश |
| 34 | रांकी कला | 224 | 55 | रैयती | परती एक साल | 1.00 | 0.060 | श्रीकांत दूबे पिता केशव दूबे | श्रीकांत दूबे पिता केशव दूबे | 54 | 48 | सड़क | 55 अंश |
| 35 | रांकी कला | 209 | 266 | रैयती | टाड़ दो | 0.19 | 0.080 | समुन्दी देवी पिता नथुनी मिस्त्री | समुन्दी देवी पिता नथुनी मिस्त्री | 265 | सड़क | सड़क | 266 अंश |
| 36 | रांकी कला | 115 | 199 | रैयती | धान दो | 0.14 | 0.070 | विनेसर महतो वो जुगल महतो पिता निरू महतो | विनेसर महतो वो जुगल महतो पिता निरू महतो | सिवाना | 200 | सड़क | 199 अंश |
| 37 | रांकी कला | 115 | 208 | रैयती | धान दो | 0.15 | 0.040 | विनेसर महतो वो जुगल महतो पिता निरू महतो | विनेसर महतो वो जुगल महतो पिता निरू महतो | 206 | 209 | 208 अंश | सड़क |
| 38 | रांकी कला | 61 | 184 | रैयती | मकानमय सहन | 0.05 | 0.020 | जदुनन्दन कहार पिता राप्रसाद कहार | जदुनन्दन कहार पिता राप्रसाद कहार | 184 अंश | सड़क | 185 | 182 |
| 39 | रांकी कला | 159 | 236 | रैयती | धान दो | 0.27 | 0.020 | राजकुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | राजकुमार तिवारी पिता महेश्वर तिवारी | सड़क | 236 अंश | 212 | 237 |
| 40 | रांकी कला | 178 | 209 | रैयती | धान दो | 0.39 | 0.050 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 208 | 212 | 209 अंश | सड़क |
| 41 | रांकी कला | 178 | 212 | रैयती | धान दो | 0.31 | 0.030 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 209 | 214 | 212 | सड़क |
| 42 | रांकी कला | 178 | 244 | रैयती | टाड़ दो | 0.12 | 0.015 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 245 | 243 | 244 | सड़क |
| 43 | रांकी कला | 178 | 245 | रैयती | मकानमय सहन | 0.08 | 0.020 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 246 | 244 | 245 | सड़क |
| 44 | रांकी कला | 178 | 246 | रैयती | टाड़ दो | 0.15 | 0.030 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 247 | 245 | 246 अंश | सड़क |
| 45 | रांकी कला | 178 | 247 | रैयती | टाड़ दो | 0.08 | 0.005 | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | रामयाद शुक्ला पिता भनुप्रताप शुक्ला | 248 | 246 | 247 अंश | सड़क |
| 46 | रांकी कला | 165 | 1371 | रैयती | धान दो | 0.18 | 0.030 | रामदेव लोहार भगवती लोहार पिता विगन लोहार | रामदेव लोहार भगवती लोहार पिता विगन लोहार | सड़क | 1371 | सिवाना | 1373 |
| 47 | रांकी कला | 165 | 1373 | रैयती | धान दो | 0.36 | 0.060 | रामदेव लोहार भगवती लोहार पिता विगन लोहार | रामदेव लोहार भगवती लोहार पिता विगन लोहार | सड़क | 1373 अंश | 1371 | 1375 |
| 48 | रांकी कला | 88 | 193 | रैयती | मकानमय सहन | 0.03 | 0.015 | नगेसर कहार पिता देवचरण कहार | नगेसर कहार पिता देवचरण कहार | 193 अंश | सड़क | 191 | 194 |
| 49 | रांकी कला | 88 | 194 | रैयती | टाड़ दो | 0.25 | 0.030 | नगेसर कहार पिता देवचरण कहार | नगेसर कहार पिता देवचरण कहार | 194 अंश | सड़क | 193 | 195 |
| 50 | रांकी कला | 99 | 190 | रैयती | मकानमय सहन | 0.06 | 0.025 | फुलेसर कहार वो दुखराज कहार वो वुटई कहार पिता उत्तीम कहार | फुलेसर कहार वो दुखराज कहार वो वुटई कहार पिता उत्तीम कहार | 190 अंश | सड़क | 185 | 191 |
| 51 | रांकी कला | 99 | 191 | रैयती | मकानमय सहन | 0.07 | 0.035 | फुलेसर कहार वो दुखराज कहार वो वुटई कहार पिता उत्तीम कहार | फुलेसर कहार वो दुखराज कहार वो वुटई कहार पिता उत्तीम कहार | 191 अंश | सड़क | 190 | 193 |
| 52 | रांकी कला | 201 | 185 | रैयती | मकानमय सहन | 0.05 | 0.020 | शिवराम कहार पिता अपावन कहार | शिवराम कहार पिता अपावन कहार | 185 अंश | सड़क | 184 | 190 |
| कुल– | | | | | | | 2.700 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR 381825 Land Reforms(26-27)D

# अरबिंदो लायंस ने जीता अंडर-12 क्रिकेट खिताब, हर्ष गुप्ता बने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची। अरबिंदो** सोसाइटी के तत्वावधान में युवा खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औरोबिंदो परिसर में अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राज कुमार पाठक का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में अरबिंदो लायंस तथा अरबिंदो टाइगर्स के बीच 20-20 ओवर का रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें औरोबिंदो लायंस ने 10 रन से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अरबिंदो लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाए। टीम की ओर से सम्राट रणवीर पाठक ने सर्वाधिक रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 80 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरबिंदो टाइगर्स की टीम की ओर से अर्नव सिंह ने सर्वाधिक 14 रन बनाए, लेकिन लायंस के गेंदबाज हर्ष गुप्ता, यश और अर्नव ओझा की सटीक गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई। इस तरह औरोबिंदो लायंस ने मुकाबला 10 रन से जीत लिया। पूरे मैच के दौरान मैदान में दर्शकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों की अच्छी उपस्थिति रही। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील सिंह 'बादल' तथा अरबिंदो सोसाइटी के सचिव रमेश सिंह उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी भोला प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, समाजसेवी दीपक ओझा, दया पांडेय, राहुल पाठक, अनिकेत सहाय, रविश कुमार तथा प्रशिक्षक आशीष कुमार मौजूद रहे। भोला प्रताप सिंह ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अपनी ओर से एक हजार रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की, जबकि राज कुमार पाठक ने उपविजेता टीम को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## व्यक्तिगत पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज : अर्नव सिंह
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज : अर्नव कुमार
- सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक : सम्राट रणवीर पाठक
- मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : हर्ष गुप्ता
- सर्वश्रेष्ठ कैच पुरस्कार : हृत्विक कुमार







## टेस्ट इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत

# अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया

**एजेंसी । न्यू चंडीगढ़**

भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी। मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। सुथार ने अफगानिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



1. **भारत ने वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ा :** भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 599 मैचों में 186वीं जीत हासिल की है। भारत ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के नाम 592 मैचों में 185 जीत है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका भारत से आगे हैं।
2. **एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत :** भारत की पारी और 300 रन की जीत एशियाई टीमों में दूसरी सबसे बड़ी जीत बन गई। इससे बड़ी जीत केवल पाकिस्तान ने 2002 में लाहौर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी और 324 रन से दर्ज की थी।
3. **अफगानिस्तान की सबसे बड़ी टेस्ट हार :** अफगानिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी हार मिली। इससे पहले 2018 में भारत ने ही बेंगलुरु में पारी और 262 रन से हराया था। दूसरी पारी में अफगानिस्तान 112 रन पर सिमट गया। यह टेस्ट क्रिकेट में उसका तीसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम 2018 में भारत के खिलाफ 103 और 109 रन पर ऑलआउट हुई थी।

## सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ सफल समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 31 मई से 7 जून 2026 तक आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची जिला के कई खिलाड़ियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी इस प्रकार रहे

विवेक महतो,आशीष खलखो,मोहित,खुड़िया पाहन,अभय लोहरा,शुभम, अंकित, जीत, अविनाशआनंद, प्रिंस, प्रफुल्ल,गोपाल, प्रतीक, सत्यम। शिविर में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेफरी सह कोच श्री अमरेंद्र दत्त द्विवेदी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, फिटनेस एवं प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह के अवसर पर सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री उदय साहू, उपाध्यक्ष श्री विभूति भूषण अमर एवं सचिव श्री शिवेंद्र दुबे उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जापान में अंपायर के रूप में इतिहास रचकर लौटीं झारखंड की बेटी नीतू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के लिए गर्व का पल। जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में अंपायरिंग कर लौटीं रांची की बेटी नीतू कुमारी का मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में जोरदार स्वागत किया गया। नीतू कुमारी ने 29 मई से 06 जून 2026 तक जापान के काकामीगाहारा में हुए अंडर-18 एशिया कप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार अंपायरिंग की। इसी के साथ वह झारखंड की दूसरी और देश की उभरती महिला अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर बन गई हैं। रांची के हरदाग निवासी नीतू की यह उपलब्धि राज्य



के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। एयरपोर्ट पर नीतू के पहुंचते ही माहौल उत्साह से भर गया। हॉकी झारखंड की कोषाध्यक्ष और राज्य की प्रथम महिला अंतरराष्ट्रीय अंपायर आश्रिता लकड़ा, सलोमी गुडिया, विनय जी, नीतू की माता दुलारी टोपनो और कई खेल प्रेमियों ने उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जन धन खातों की संख्या 58.15 करोड़ पहुंची जमा राशि 3 लाख करोड़ रु के पार: सरकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की पहलों ने वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सेवा, आवास, नल से जल, स्वच्छ ईंधन और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं तक लोगों की पहुंच को कई गुना बढ़ाया है। यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी एक फैक्टशीट में दी गई। फैक्टशीट के अनुसार, देश भर में गरीबों के लिए खोले गए जन धन बैंक खातों की संख्या बढ़कर 58.15 करोड़ हो गई है। इन खातों में कुल जमा राशि भी बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जो इस योजना की सफलता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए ये खाते दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान के रूप में देखे जाते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, जन धन खातों में से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के नाम पर हैं। फैक्टशीट में कहा गया है कि जन धन योजना, आधार और मोबाइल को मिलाकर बनी "जेएएम ट्रिनिटी" ने देश में वित्तीय समावेशन को नई गति दी है। इस व्यवस्था के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी रिसाव (लीकेज) के सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत जारी आयुष्मान भारत कार्डों की संख्या 44 करोड़ तक पहुंच गई है। यह योजना 12 करोड़ परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, जो कि देश की तकरीबन 40 प्रतिशत आबादी को कवर करती है। इसके अलावा, मार्च 2024 में लगभग 37 लाख आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया। बाद में इस योजना का विस्तार करते हुए 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को भी इसमें शामिल किया गया। ये लाभार्थी लगभग 4.5 करोड़ परिवारों से आते हैं।

### आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा मजबूत

PRADHANMANTRI JAN-DHAN YOJANA — MERA KHATA BHAGYA VIDHATA

- आयुष्मान भारत कार्डों की संख्या 44 करोड़ तक पहुंची
- योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों को लाभ मिल रहा है
- प्रत्येक पात्र परिवार को 5 लाख रुपए वार्षिक स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध है
- आयुष्मान भारत योजना देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को कवर करती है

## कल्याणकारी योजनाओं से 12 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले : सरकार




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले 12 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा उपायों के विस्तार के कारण देश में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। सरकार ने नल से जल, खुले में शौच से मुक्ति, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और प्राथमिक शिक्षा में लड़कियों के नामांकन जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति को इस उपलब्धि का प्रमुख आधार बताया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अगस्त 2019 में ग्रामीण भारत के 3.23 करोड़ घरों तक ही नल के माध्यम से पानी पहुंचता था, जो मई 2026 तक बढ़कर 15.84 करोड़ घरों तक पहुंच गया। 'हर घर जल' अभियान के तहत अब तक 2.77 लाख गांवों में 100 प्रतिशत नल जल कवरेज हासिल की जा चुकी है। इसके साथ ही देश में घरेलू नल जल कवरेज बढ़कर 81.87 प्रतिशत हो गई है। सरकार ने बताया कि पिछले वर्षों में 12.11 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है।

## वैश्विक तनावों के चलते गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 719 अंक लुढ़का

**एजेंसी । मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 50 में 1 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 719.08 अंकों यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,524.26 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 243.70 (1.04 प्रतिशत) अंक गिरकर 23,123 पर पहुंच गया। व्यापक बाजार का प्रदर्शन प्रमुख बेंचमार्कों से खराब रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.40 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.92 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सेक्टरवार देखें तो निफ्टी रियल्टी (2.56 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (2.33 प्रतिशत) और निफ्टी ऑटो (1.85 प्रतिशत) में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही, निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 पैक में सिर्फ 9 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि अन्य सभी शेयर लाल निशान में ट्रेड करते नजर आए। मैक्स हेल्थ, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बीईएल, नेस्ले इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, जबकि विप्रो (8.4 प्रतिशत की गिरावट), जियो फाइनेंस, इटरनल, हिंडाल्को और श्री राम फाइनेंस के शेयरों में 3.6 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। खबरों के मुताबिक, ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं, जिससे वाशिंगटन और तेहरान के बीच शांति समझौते की उम्मीदों पर पानी फिर गया और साथ ही युद्धविराम की स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोल सेक्टर में हुए कई सुधार : जी किशन रेड्डी

**एजेंसी । हैदराबाद**



केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के शासनकाल में कोल और माइनिंग के सेक्टर में कई बड़े सुधार हुए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को अब मिल रहे हैं। उन्होंने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज से 12 साल पहले हमें कोयले की कमी देखने को मिलती थी। अवैध तरीके से कोयला आवंटित किया जाता था। इसके अलावा, कोयला घोटाले की भी खबरें हमें देखने को मिलती थी। लेकिन, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल कोल सेक्टर में कई तरह के सुधार देखने को मिल रहे हैं। आज आपको इस तरह की खबरें सुनने को नहीं मिलेंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 124 कोल ब्लाक को सस्पेंड किया गया है। पारदर्शिता के साथ आज 420 कोल ब्लाक का प्रोडक्शन शुरू भी हो चुका है। आज 1 हजार बिलियन टन कोल का प्रोडेक्शन प्रतिवर्ष हो रहा है। यह आजादी के बाद हमारा सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। आज की तारीख में पांच लाख लोग डायरेक्ट कोल सेक्टर में काम कर रहे हैं और 25 लाख लोग इनडायरेक्ट काम कर रहे हैं। माइनिंग सेक्टर में 50 लाख लोग काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम दूसरा ऐसा देश बन गए हैं, जो सबसे ज्यादा कोल प्रोडेक्शन कर रहे हैं।

## अर्जेंटीना की पहली एलएनजी निर्यात परियोजना में अदाणी की अहम भूमिका

**एजेंसी । अहमदाबाद**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को कहा कि उसे अर्जेंटीना की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 साल का समुद्री सेवा अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) मिला है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने दक्षिण अमेरिका में अपना प्रवेश कर लिया है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। साथ ही इससे भारत और अर्जेंटीना के बीच बढ़ते ऊर्जा संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता कंपनी ने बताया कि यह कॉन्ट्रैक्ट उसकी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी अदाणी हार्बर इंटरनेशनल एफजेडसीओ को अर्जेंटीना की मेरिडियन



ग्रुप के साथ गठित एक कंसोर्टियम के माध्यम से मिला है, जो सदर्न एनर्जी एसए द्वारा आयोजित वैश्विक प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद किया गया। अदाणी समूह और मेरिडियन ग्रुप का यह कंसोर्टियम सदर्न एनर्जी एफएलएनजी परियोजना के लिए समुद्री सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस परियोजना में लगभग 7 करोड़ डॉलर (70 मिलियन डॉलर) के निवेश की प्रतिबद्धता शामिल है। परियोजना के पहले चरण में हर साल 2.45 मिलियन टन (एमटी) एलएनजी उत्पादन होने की उम्मीद है।